कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 333, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 02 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## एटीएफ की कीमत में चार फीसदी की कटौती, नई दरें लागू

**नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने नव वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को विमान टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में चार फीसदी की कटौती की है। ये लगातार तीसरा महीना है, जब एटीएफ के दाम कम हुए हैं। नई दरें लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की जारी अधिसूचना के मुताबिक एटीएफ के दाम में 4,162.5 रुपये यानी 3.9 फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,01,993.17 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। एटीएफ की कीमत में लगातार तीसरी बार कटौती की गई है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में एटीएफ की कीमत में 5,189.25 यानी 4.6 फीसदी की कटौती की गई थी जबकि नवंबर में एटीएफ के दाम में लगभग छह फीसदी (6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती की गई थी। दरअसल, किसी एयरलाइंस की परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40 फीसदी बैठता है। ऐसे में विमान ईंधन के दाम में कटौती होने से वित्तीय रूप से दबाव झेल रही विमानन कंपनियों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पिछले महीने की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमत के आधार पर प्रत्येक महीने की पहली तारीख को एटीएफ की कीमतों में संशोधन करती हैं।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने पर 495 लोगों का चालान

**नई दिल्ली**

नए साल की पूर्व संध्या पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 495 लोगों का चालान किया। यह जानकारी दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले 47 लोगों का चालान किया गया। गलत तरीके से सामान ढोने पर 132 और अनुचित पार्किंग करने पर 3,452 वाहनों का चालान किया गया।

वाहनों में रंगीन शीशा लगाने पर 117 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 347 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जब्त किए ।

## कोहरे की वजह से नए साल के पहले दिन दिल्ली आने वाली 21 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली**

**कोहरे की वजह से** नए साल के पहले दिन दृश्यता कम रही है। इसकी वजह से विभिन्न मार्गों से चलकर दिल्ली पहुंचने वाली 21 ट्रेनें 45 मिनट से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं।

रेलवे जनसंपर्क विभाग के मुताबिक इन ट्रेनों में बिहार के दरभंगा से नई दिल्ली आने वाली 02569 क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस, गया से नई दिल्ली आने वाली 12397 महाबोधि एक्सप्रेस, बनारस से नई दिल्ली आने वाली 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, मध्य प्रदेश के डॉक्टर अंबेडकर नगर से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली 12919 मालवा एक्सप्रेस, खजुराहो से नई दिल्ली होते हुए कुरूक्षेत्र जाने वाली 11841 गीता एक्सप्रेस, जबलपुर से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन तक की ट्रेन 12189 महाकौशल एक्सप्रेस विलंबित रहीं।

# राम मंदिर: जजों ने सर्वसम्मति से फैसला किया था

## 'विवादित स्थल पर एक ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाने वाले पांच न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला किया था'

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक अयोध्या फैसले के चार साल से अधिक समय बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अहम टिप्पणी की है। सोमवार को चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि विवादित स्थल पर एक ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाने वाले पांच न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से फैसला किया था। निर्णय के लिए कोई लेखकत्व जिम्मेदार नहीं होगा। इसे आसान भाषा में समझें तो अयोध्या मामले में फैसला किसने लिखा है, इसक उल्लेख नहीं किया जाएगा।

**4 साल पहले लिया गया था फैसला**

गौरतलब है कि, 9 नवंबर, 2019 को, एक सदी से भी अधिक समय से चले आ रहे एक विवादास्पद मुद्दे का निपटारा किया गया था। इसके लिए तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने मंदिर के निर्माण पर फैसला सुनाया था। पीठ ने सुनवाई में उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर में एक मस्जिद के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ का भूखंड खोजा जाएगा। संविधान पीठ में शामिल सीजेआई चंद्रचूड़ ने नाम न छापने के मुद्दे पर खुलकर बात की और कहा, जब न्यायाधीश एक साथ बैठे, जैसा कि वे किसी फैसले से पहले करते हैं, तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह 'अदालत का निर्णय' होगा।

**5 न्यायाधीशों की पीठ ने लिया था फैसला**

सीजेआई ने कहा कि 'जब पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठी, जैसा कि हम सभी फैसला सुनाए जाने से पहले करते हैं, तो हम सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अदालत का फैसला होगा और इसलिए, किसी भी व्यक्तिगत न्यायाधीश को कोई लेखकत्व नहीं दिया गया है।' चीफ जस्टिस ने कहा, 'इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं।



## 'हिंदुओं की यह आस्था निर्विवाद थी'

चीफ जस्टिस ने कहा कि फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा। अदालत एक स्वर से बात करेगी और ऐसा करने का विचार यह स्पष्ट संदेश देना था कि हम सभी न केवल अंतिम परिणाम में बल्कि फैसले में बताए गए कारणों में भी एक साथ खड़े हैं।' शीर्ष अदालत की पीठ ने 2019 में कहा था कि हिंदुओं की यह आस्था निर्विवाद थी कि भगवान राम का जन्म इसी स्थान पर हुआ था और वह प्रतीकात्मक रूप से



भूमि के मालिक थे। अदालत ने कहा था कि फिर भी, यह भी स्पष्ट है कि हिंदू कारसेवकों द्वारा 16वीं शताब्दी की तीन गुंबद वाली संरचना का विनाश, जो वहां राम मंदिर बनाना चाहते थे, एक गलती थी जिसका समाधान किया जाना चाहिए।

इसका आस्था और विश्वास से कोई लेना-देना नहीं है और इसके बजाय मामले को तीन पक्षों - सुन्नी मुस्लिम वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा, एक हिंदू समूह और राम लला विराजमान के रूप में नामित प्रतीकात्मक भगवान राम के बीच भूमि पर स्वामित्व विवाद के रूप में माना जाता है।

## राम मंदिर निर्माण पर 1,045 पन्नों का था फैसला



**1,045 पन्नों** के फैसले का हिंदू राजनेताओं और समूहों ने व्यापक स्वागत किया, जबकि मुस्लिम नेतृत्व ने कहा कि वे फैसले को स्वीकार करेंगे, भले ही उन्होंने इसे त्रुटिपूर्ण बताया। फिर भी, उन्होंने शांति का आह्वान किया और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने नोट किया कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है।

**5 न्यायाधीशों की पीठ ने लिया था फैसला**

सीजेआई ने कहा कि 'जब पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले पर विचार-विमर्श करने के लिए बैठी, जैसा कि हम सभी फैसला सुनाए जाने से पहले करते हैं, तो हम सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अदालत का फैसला होगा और इसलिए, किसी भी व्यक्तिगत न्यायाधीश को कोई लेखकत्व नहीं दिया गया है।' चीफ जस्टिस ने कहा, 'इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं।

सुन्नी मुस्लिम वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा, एक हिंदू समूह और राम लला विराजमान के रूप में नामित प्रतीकात्मक भगवान राम के बीच भूमि पर स्वामित्व विवाद के रूप में माना जाता है।

## 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लें संकल्प: सीएम योगी

**मथुरा**

देश के पहले बालिका सैन्य विद्यालय का सोमवार को वृंदावन में लोकार्पण हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता खोलकर देश की बेटियों को पहला बालिका सैन्य विद्यालय समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, " जो लोग अयोध्या जाने से संकोच करते थे। वह अब कह रहे हैं कि हमें निमंत्रण नहीं मिला। साथ ही कहा कि हर नागरिक का ये संकल्प होना चाहिए कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने में



सहयोग करे। महायोगी की नगरी मथुरा की पहचान अब बेटियों से भी होगी। वृंदावन में देश के पहले सैन्य बालिका विद्यालय का लोकार्पण हो गया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ सैन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस सैन्य विद्यालय में 120 सीटें हैं। आगामी 21 जनवरी को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की ई-काउंसलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। सत्र अप्रैल से शुरू होगा। बेटियों के तीन बैच बनाए जाएंगे।







# मंदिर, पार्क और संगम तट पर बीता साल का पहला दिन, लोगों ने जमकर लिया आनंद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नए साल का पहला दिन संगम तट पर मौज मस्ती में बीता। मंदिरों और पार्कों में बेकाबू भीड़ रही। चंद्रशेखर आजाद पार्क समेत हाथी पार्क, मिंटो पार्क सहित सिविल लाइंस हनुमत निकेतन, मनकामेश्वर मंदिर, सिद्धपीठ ललिता देवी, कल्याणी देवी, अलोप शंकरी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ दिखी। संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी मंदिर पर भीड़ बेकाबू रही। यहां भोर से ही भक्तों की लंबी कतार लग गई थी। हनुमानजी के के साथ श्रद्धालुओं श्रीराम जानकी मंदिर, राम दरबार का दर्शन किया। गंगा किनारे राम घाट पर भगवान श्रीराम के दरबार में हाजिरी लगाई। लोगों ने संगम तट पर ऊंट की सवारी के साथ नौका विहार का आनंद लिया।इसके पहले नए साल की खुशियां और एक नई उम्मीदों के साथ लोगों ने रविवार की आधी रात घरों से लेकर होटल-क्लबों तक जी भर कर मस्ती की। रंग- बिरंगे झालरों से सजे होटलों में थर्टी फर्स्ट नाइट पार्टियां देखने लायक थीं। जश्न में बच्चों से लेकर बड़े तक एक साथ झूमते थिरकते रहे। वर्ष 2023 की आखिरी रात को यादगार बनाकर लोगों ने मस्ती और धमाल के बीच इसी तरह नए साल में प्रवेश किया।

शहर के प्रमुख क्लबों, होटलों में रात सात बजे से नए साल के जश्न की पार्टी शुरू हुई। यहां लाइव बैंड, कांटिनेंटल, कॉकटेल, मॉकटेल, स्टार्टर आदि व्यंजनों के साथ लोगों ने पार्टी का लुत्फ उठाया। नए साल की अगवानी में सिविल लाइंस से लेकर चौक तक एक जैसा माहौल रहा। होटलों-क्लबों से लेकर घरों की छतों पर डीजे पर डांस करते नजर आए। होटलों में इस बार रंग-बिरंगी झालरों की सजावट के बीच कॉकटेल पार्टियां हुईं। नए साल की खुशियों को लोगों ने दिल खोलकर साझा किया। किसी ने अपने गार्डन में दोस्तों के साथ थर्टी फर्स्ट नाइट का इंतजाम किया तोचंद्रशेखर आजाद पार्क, हाथी पार्क, मिंटो पार्क के साथ यमुना बोट क्लब, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के साथ ही संगम तट पर भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर किए गए सारे इंतजाम ध्वस्त हो गए। सूर्योदय से पहले ही श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन करने के लिए लंबी कतार लग गई थी। संगम पर लोगों ने नौका बिहार के साथ ही ऊंट की सवारी का आनंद लिया। रेती पर लोग फुटबॉल और रैकेट खेलते भी नजर आए।

**होटलों में जमकर थिरकते रहे लोग :** सिविल लाइंस के होटल में नए साल के जश्न में फिल्मी, भोजपुरी गीतों पर युवाओं ने जमकर धमाल मचाया जब लगावे लू तूं लिपिस्टिक/ हीलेला आरा डिस्ट्रिक्ट... के अलावा नाकाबंदी, छम्मा-छम्मा, मेरी आख्यां का ए काजल... जैसे गीतों पर जमकर नृत्य हुआ। इसी तरह बीएचएस के सामने रेस्टोरेंट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की यादगार पार्टी हुई। इसी तरह एमजी मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, बीएचएस वाली सड़क, नवाब युसूफ रोड समेत अन्य इलाकों में थर्टी फर्स्ट नाइट पार्टियों के जरिए नए साल के आगमन को लोगों ने नृत्य और गायन से यादगार बनाया।

**गुलजार रहा आजाद व हाथी पार्क :** न्यू ईयर के मौके पर रविवार को चंद्रशेखर आजाद पार्क, हाथी पार्क और आनंद भवन आकर्षण का केंद्र रहा। लंबे समय बाद ऐसी रौनक देखने को मिली। इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि रविवार को हजारों से अधिक टिकट बिके।

## पूजा पाठ के साथ हुआ नए साल का स्वागत



झूंसी। नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को लोगों ने पूजा पाठ कर नए साल का स्वागत किया। घर मे पूजा अर्चना के बाद लोगो ने मंदिरों में भी पूजा कर नए साल पर मंगल की कामना की। स्थानीय गंगा घाटों पर भी लोगो की भारी भीड़ रही। 31 दिसम्बर की शाम जहा हर तरफ जश्न का माहौल था। झूंसी के सभी रेस्टोरेंटों, ढाबों में लोगो की भीड़ थी। उत्साहित युवा नाचते गाते नजर आए वही साल का पहला दिन लोगो ने पूजा पाठ से शुरू किया। एमपी बिरला शिक्षा भवन एवं इण्टर कालेज में नववर्ष को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबन्धक नीलिमा वर्मा एवं प्रधानाचार्य रीता पाण्डेय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद अध्यापको द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। प्रबंधक नीलिमा वर्मा ने अपने सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में कम्बल वितरित किया। कोटवा गांव स्थित मां अन्नपूर्णा धाम बुढ्ढी मईया मंदिर पर सुंदर कांड का पाठ हुए। जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। बुल्ले मिश्रा ने भक्ति गीतों से उपस्थित सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। बंगाली, दिनेश सिंह, हरिकेश सिंह, विक्रम, आदर्श, शान्तनु, देव आदि व्यवस्था में लगे रहे। दुवार्षा आश्रम, माँ ऐन्द्री धाम, पंच मुखी हनुमान मंदिर पर देर रात तक दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा।

# नए कानून का विरोध : ट्रक चालकों ने भटौती चौराहे पर जमकर काटा बवाल



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** सोमवार को मेजा के भटौती चौराहे पर दर्जनों की संख्या में एकत्रित हुए चालको ने जमकर नारेबाजी की। ट्रक चालकों ने सरकार से मांग किया की नए कानून में ट्रक चालकों को ढील दी जाए। राहत नहीं दी तो ट्रक चालक हड़ताल करने पर विवश होंगे।ट्रक चालकों ने बताया कि नए कानून में ट्रक चालकों के लिए बेहद कठोर नियम बनाया है। इसके तहत दुर्घटना होने पर यदि ट्रक चालक मौके से भाग जाता है तो उसे 10 साल की सजा व 5 लाख जुमार्ना लगाए जाने का प्रावधान लागू किया गया है। यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो बड़े वाहन चालक का कसूर बताया जाता है। ट्रक चालकों से दुर्घटना हो जाती है और वह मौके पर मौजूद रहता है तो भीड़ उसके साथ मारपीट करती है। भीड़ के रौद्र रूप से बचने के लिए मजबूरी बस ट्रक चालक को अपना ट्रक और सामान छोड़कर मौके से भागना पड़ता है। उसी क्रम में प्राइवेट वाहन चालकों ने भी आक्रोश जताते हुए मेजारोड बाजार के गोल चौराहे पर अपनी वाहनों को बीच रास्ते खड़ा करके रास्ते को बंद कर दिया जिसके चलते गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई और सवारियां इधर-उधर भटकने लगी। मामले की जानकारी पर चौकी इंचार्ज मेजारोड विकास कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाते हुए रास्ता खुलवाया।



### नए अध्यादेश के विरोध में कई घंटे आवागमन रहा बाधित

**कोरांव।** सोमवार को सुबह परिवहन विभाग के नए अध्यादेश के विरोध में ट्रक व बस यूनियन के चालकों ने कोरांव बाजार के मुख्य गोल चौराहे पर चक्का जाम कर अध्यादेश को वापस करने की मांग को लेकर हड़ताल करते हुए चक्का जाम कर दिया। जिससे कई घंटे आवागमन भी बाधित रहा। ट्रक व बस यूनियन के चालकों के द्वारा बस व ट्रक सड़क पर खड़े कर पूरी तरह से आवागमन को बंद कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने ट्रक व बस यूनियन के चालकों को समझ कर मामले को शांत कराया। तकरीबन 5 घंटे के बाद चक्का जाम समाप्त हो सका। ट्रक व बस यूनियन के चालकों ने परिवहन विभाग के नए अध्यादेश को सरकार द्वारा वापस लेने जैसी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की इस दौरान भारी संख्या में ट्रक बस यूनियन के चालक मौजूद रहे।



### नए कानून का विरोध में ट्रक चालकों ने किया हाइवे जाम

**झूंसी।** नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को जगह जगह चक्का जाम किया। प्रयागराज जौनपुर मार्ग पर झूंसी में रहीमपुर व अन्दावा में हाइवे पर ट्रक खड़ा कर नए कानून का विरोध किया। घंटो रोड़ जाम होने की वजह से दोनों वोर वाहनों की कतार लग गई थी। जाम की सूचना पर पहुची पुलिस ने किसी तरह ट्रक चालकों को समझा कर जाम समाप्त कराया। ट्रक चालकों के चक्का जाम का बस, ऑटो चालकों के साथ स्थानीय लोगो ने भी समर्थन किया। कार चालक अरुण मौर्य का कहना था कि ड्राइवर पक्षी, मेढक तक को बचाता है। बचाने में ही कई बार वो खुद हादशे का शिकार हो जाता और दूसरे भी ट्रक ड्राइवर सुखबीर सिंह का कहना था कि यह कानून वाहन चालकों के हित मे नही है। हम मोटर मालिको के वाहन को चलाकर अपने परिवार का पेट भरते है। जान बूझ कर एक्सीडेंट नही करते है। वाहन चालकों ने हाइवे के किनारे ट्रकों को खड़ी कर के किया हड़ताल,सड़को पर पसरा सन्नाटा

# एससीएसटी के सुख-दुख में हमेशा रहूंगा तत्पर : डा संगम मिश्र

**मेजा।** करछना विधान सभा के अकोढा ग्राम में अनुसूचित जाति-जनजाति का महासम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ संगम मिश्र ने कहा मैं यमुनापार की जनता की सेवा का संकल्प लेकर आया हूं। डॉ मिश्र ने उज्ला योजना, राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से हो रहे लाभ के विषय में लोगों को अवगत कराया। बहुत बड़ी संख्या में दलित समाज की आई महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉ संगम मिश्र ने कहा मोदी सरकार महिलाओं को राजनीति में व सरकार में भागीदारी देने के लिए कृत संकल्प है। संसद से एक तिहाई महिला आरक्षण का बिल पास कराया है। क्षेत्र में लोगों को सड़क, पानी, नाली एवं पशुओं से आ रही कठिनाइयों की जानकारी मुझे है। इस विषय में मैं उच्च अधिकारियों से मिल कर शीघ्र ही समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा। दलित महासम्मेलन के संयोजक दिलीप शुक्ल ने डॉ संगम मिश्र द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे दलित,शोषित,वंचित के प्रति कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कोई भी दलित शोषित वंचित अपने सुख-दुख में हमेशा डॉ. संगम मिश्र को याद करता है, तो डॉ संगम स्वयं उनके सुख-दुख में सदैव उपस्थित रहते हैं, और यथाशक्ति सहायता प्रदान करते हैं। संचालन करते हुए शंकरदेव त्रिपाठी एडवोकेट ने संसदीय क्षेत्र में डॉ. संगम मिश्र द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की पूरे यमुनापार क्षेत्र में स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से हजारों लोगों को आंखों का चश्मा एवं दवाइयां लगातार वितरित की जा रही हैं। सेंट्रल एकेडमी स्कूल प्रयागराज के डायरेक्टर एस.के. तिवारी ने खेलो इंडिया के सपनों को साकार करने के लिए डॉ संगम मिश्र द्वारा जमुनापार क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने व उत्साह वर्धन करने के लिए प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों से मिलते रहते हैं एवं खिलाड़ियों का हर संभव सहयोग करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक राजारामल चौधरी ने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के द्वारा किए गए कार्यों से लोगों को अवगत कराया। दलित महासम्मेलन में मुख्य रूप से शोभा लाल,स्वामीनाथ मास्टर,रामधन,महंगू मिस्त्री,किशन हेला,सुरेश कुमार आदिवासी ,अकबाली भारतीय,राजबहादुर, तारा देवी,मंजू हरिजन,गीता देवी प्रजापति,मोहनलाल, राकेश भारतीय,अमरेश मिश्र, विजय प्रकाश, आकाश निषाद, विकास मारकंडे व अन्य बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### करछना के अकोढा गांव में आयोजित हुआ अनुसूचित जाति जनजाति महासम्मेलन




# महिला आरक्षण पारित कर पीएम मोदी ने बढ़ाया नारी का सम्मान : कमलेश त्रिपाठी

**मेजा।** देश के प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है। उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी कमलेश त्रिपाठी ने कौवा के निदौरी गांव में आयोजित दलित सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ब्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि दलित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने बारी बारी अपने संबोधन में उक्त गांव के विकास तथा सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे जिसके संबंध में श्री त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व इस गांव की सड़क का निर्माण करा दिया जाएगा साथ ही साथ गांव का विकास भी कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों के हित में संचालित की गई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराकर मोदी ने महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया है। इसी क्रम में ने भी अपने अपने विचार रखा।कार्यक्रम का आयोजन के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कौवा के निदौरी गांव में आयोजित हुआ दलित सम्मेलन कार्यक्रम



### वाहन चालकों ने सड़कों पर वाहनों को किया खड़ा, पसरा सन्नाटा

**मऊआइमा।** वाहन चालकों पर लाए जा रहे नये कानून के विरोध में वाहन चालकों ने तीन दिनों की हड़ताल कर दी है। जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यात्री दर दर भटकते रहे है। नये कानून के विरोध में वाहन चालकों की तीन दिवसीय हड़ताल के प्रथम दिन प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लग गईं हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। वाहन चालकों ने बताया कि दुर्घटना कोई जानबूझकर कर नहीं करता यह अचानक होता है।यदि किसी कारण दुर्घटना हो जाती है तो ट्रक चालकों को दस साल की सजा सात लाख जुमार्ना वसूली का नया कानून बनाया गया है।चाहे इसमें वाहन चालकों की गलती हो अथवा न हो।जो ट्रक चालकों के हित में न होकर उनके विरोध में है।यदि यह कानून नहीं खत्म होता तो वाहन चालक वाहन मालिकों को सौंप कर मजदूरी करना अधिक बेहतर समझें गें। मध्य रात को वाहन चालकों ने मऊआइमा के हाईवे महमदपुर सराय अली रोड के दोनों ओर लम्बी कतारों में खडी कर ढाबों अथवा घरों को चले गए हैं। वाहन पर केवल खलासी ही हैं। लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो जरूरी वस्तुओं यहां तक पेट्रोल डीजल आदि की कमी हो जाएगी।

# जवानों को जवानी में वतन चाहिए मैं चाहूंगा सर पे कफन चाहिए...

**अखंड भारत संदेश**

### कोरांव महोत्सव के पहले दिन प्रयागराज के गंगा रत्न मिश्र बंधुओ ने बिखेरा जलवा



**कोरांव।** कोरांव महोत्सव के माध्यम से क्षेत्रीय नन्हे कलाकारों व प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा मौका देता है। यह आयोजन अपने आप में कोरांव क्षेत्र की पहचान बन चुका है। यह बातें नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं को शील्ड व पुरस्कार देने के दौरान कही। नगर पंचायत अध्यक्ष ने भव्य कोरांव महोत्सव के आयोजन के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। कोरांव महोत्सव के पहले दिन प्रयागराज के गंगा रत्न मिश्र बंधुओ के गीतों पर दर्शक झूम उठे। मिश्र बंधुओ के गीतों क्रमशः जवानों को जवानी में वतन चाहिए चाहूंगा सर पे कफन चाहिए, भरत चले चित्रकूट हो रामा राम को मनाने, सज धज कर जिस दिन मौत की शहजादी आएगी, न सोना काम आएगा ना चांदी आएगी आदि गीतों व भजनों पर मिश्र बंधु सत्य प्रकाश व देव प्रकाश ने दर्शकों की खूब वहवाही लूटी। महोत्सव आयोजन के पहले दिन क्षेत्रीय नन्हे बच्चों व कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ गायन नृत्य की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रतियोगिताओं के जजेज पैनल में गायक राहुल पंडित व मुन्ना मासूम मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान चपरो सुरेश तिवारी ने पूरे आयोजन समिति एवं क्षेत्रीय तथा दूर दराज से आए कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कोरांव महोत्सव आयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष शशि द्विवेदी व कवि सुशील शुक्ला हर्ष ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से मिथलेश शुक्ला, गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली, आनंद प्रकाश शुक्ल, बृजेश तिवारी सप्लायर, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी, नरेंद्र सिंह, गणेश शंकर तिवारी, सुमित पांडेय सहित कई अन्य गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## नववर्ष पर प्रधान ने विधायक संग एक हजार गरीबों को वितरित किया कम्बल



**करछना।** रविवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी महा मंत्री प्रधान संघ धीतेश तिवारी ने गांव की गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को एक हजार से अधिक लोगों को कंबल एवं शाल वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि विधायक करछना पीयूष रंजन ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किया।कंबल वितरण नमे कई गांवों से सैकड़ों दिव्यांग,बड़े बुजुर्ग,महिलाएं उपस्थित थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए।विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले।कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे।भाजपा उपाध्यक्ष त्रिवेणी पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जाय,ताकि लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र न जाना पड़े।शासन द्वारा गरीब,विधवा,विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किए जा रहे हैं। नव निर्मित खेलकूद मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कयी वक्षों का रोपण किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश दुबे एवं त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय,पार्षद सोनू पाठक,थाना प्रभारी नितेश शुक्ल,पीके त्रिपाठी, राजेन्द्र पाण्डेय , अमित पांडेय प्रधानाचार्य, सुरेश पांडेय, नन्हे पांडे, प्रधान हंसराज सिंह चंद्रप्रकाश तिवारी, परमानंद मौर्य, अवतार किशन सिंह एडवोकेट,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगीतमय शुरूआत तिवारी बंधु द्वारा भक्ति गीतों के साथ की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल ने संचालक आशीष शुक्ला ने एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रकट ग्राम प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी धीरू ने किया।

### सेंट जॉन्स एकेडमी ने बच्चों और बूढ़ों को कपड़े वितरित किए

**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर नव वर्ष के उपलक्ष में भीषण ठंड को देखते हुए 15 यूपी बटालियन के अंतर्गत मान्य सेंट जॉन्स एकेडमी के 32 एनसीसी कैडटों ने अरैल घाट पर गरीब बच्चों और बूढ़ों को कपड़े वितरित किए। जिसमें जैकेट, स्वेटर, कंबल, टी-शर्ट, पेंट आदि कपड़े मौजूद थे। स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर जरीन रिजवी ने समाज कल्याण के प्रति एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की और साथ ही साथ स्कूल की समाज के प्रति तत्परता को भी उजागर किया। वही एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट अभिजीत का मानना है समाज कल्याण से न केवल एक कुशल समाज बल्कि साथ ही साथ एक कुशल नेतृत्व का भी निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट अभिजीत और कैडट एडमिनिस्ट्रेटर आदित्य सोनकर ने किया।

## न्यूज झरोखा

### हाकरों ने केक काटकर नए साल का किया स्वागत



**नैनी।** नैनी नए साल का शुरूआत नैनी पत्र विक्रेताओं ने केक काटकर जश्न मनाया। बता दें कि नैनी के मेवा लाल कि बगिया के समीप नैनी सेंटर मे नैनी पत्र विक्रेताओं ने एकत्र होकर केक काटकर नए साल का स्वागत किया। इस दौरान पत्र विक्रेताओं ने एक दूसरे के गले मिलकर नए साल का शुभकामनाएं दी। वही केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। इस मौके पर मोहम्मद अहमद, रंजीत केशरवानी, रवि कुमार, कौशल शर्मा, अन्नू कुमार, पवन कुमार, लालचंद, गंगा, नीरज कुमार, शकिल अहमद, रविन्द्र शर्मा, राकी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बीडी मेडिकल व दीपक शूज हाऊस का फीता काट कर शुभारंभ



**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज,मिजार्पुर राज मार्ग के किनारे सोमवार को आंधी चौराहे पर बीडी मेडिकल स्टोर का किसान मंच जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह ने फीता व केक काट कर शुभारंभ किया। वहीं श्री सिंह ने उपस्थित क्षेत्रीय लोगों से कहा कि उक्त मेडिकल स्टोर से कम मूल्यों पर गरीब दवा उपलब्ध पाएंगे और रोग मुक्त होंगे। समय पर इलाज होने से इंसान की जान बच जाती हैं। इसी क्रम में दीपक शूज हाऊस का प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र यादव ने फीता काट कर शुभारंभ करते हुए नव वर्ष की शुभ कामना की। मौके पर ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### नैनी में कैबिनेट मंत्री एवं सांसद का जोरदार स्वागत हुआ



**नैनी।** नैनी के मिजार्पुर रोड पर नए वर्ष के दिन कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व सांसद रीता बहुगुणा जोशी का नैनी में जोरदार स्वागत किया समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार एवं सुजीत सिंह प्रयागराज सेवा भारतीय के अध्यक्ष ने अपने कुछ मित्रों के साथ वेद भाई विनय सिंह राजेश साहू मोनू सिंह राहुल सिंह सुनील जायसवाल संजय मिश्रा डब्लू जायसवाल कुलदीप शर्मा बीपेंद्र प्रताप सिंह टुनटुन पांडे अतुल केसरवानी डॉ संदीप पाल पार्षद सोनू यादव कार्यकर्ता लोगों ने माला पहनकर स्वागत किया।

### सेवानिवृत्त बी टी राम अभिलाष की विदाई कार्यक्रम आयोजित



**मेजा।** सेवानिवृत्त कर्मचारी राम अभिलाष पटेल का विदाई समारोह कार्यक्रम सोमवार को कोट हा गांव स्थित पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे ई एम आई प्रदीप अवस्थी ने उपस्थित सभी लोगों को नव वर्ष की बधाई देते हुए सेवा निवृत्तबोरिंग टेक्नीशियन कर्मी राम अभिलाष के उज्जवल की कामना करते हुए सम्मान पूर्वक भाव भीनी विदाई किया। इस मौके पर ज्ञानचंद्र मिश्र अशोक सिंह राजेश तिवारी राम रतन जितेंद्र मिश्रा चंचल सिंह पटेल महेंद्र यादव के अलावा कई अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म - कुंवर रेवती रमण सिंह



**करछना।** संगम समाज सेवी समिति रामपुर करछना प्रयागराज के तत्वावधान मे जीवन दीप हॉस्पिटल रामपुर करछना पर डा गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां के सौजन्य से माननीय कुंवर रेवती रमन सिंह पूर्व राज्यसभा के करकमलों द्वारा 200 लोगों को कंबल वितरण किया गया कुंवर साहब ने कहा की इंसानों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है उन्होंने कहा कि गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां लगातार लोगो की मदद करते रहते है वहीं पर मुस्तफा ने कहा की आगे भी लोगों की सेवा करते रहेंगे चाहे कोई त्योहार हो या कोई कार्यक्रम हो मुस्तफा साहब हर मौके पर लोगों की सेवा करते रहते है। वही पर पूर्व राज्यसभा सांसद का जोरदार स्वागत किया गया समाज वादी पार्टी के जिले के अध्यक्ष पप्पु लाल निषाद भी मौजूद थे इस अवसर पर डा अफजल, केशव विश्वकर्मा, शहजादुल हक, सहाबाज हक, बेबी मैडम, फैसल, मंजीत,अमरिन, सैफ, किरन, ब्रिजेस , सरताज,सीमा पाल,अंजली, अमन, आदि लोग मौजूद रहे

### स्वस्थ जीवन का आधार है सफाई कर्मी , राम मिलन यादव



**नैनी।** नैनी के वार्ड 81 में सफाई कर्मी को सम्मानित किया गया। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में एक है स्वास्थ्य और इसके लिए सफाई आदि आवश्यक है। विपरीत परिस्थितियों में भी सफाई कर्मी अपना कार्य अंजाम देकर समाज के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार करते हैं। उक्त बातें आज सफाई कर्मी सम्मान समारोह में लोकतंत्र रक्षक सेनानी राममिलन यादव ने नैनी में नव वर्ष के प्रथम दिन जीत लाल चौराहे पर वार्ड 81 नैनी के सफाई कर्मी मनोज कुमार को अंग वस्त्र व माला पहनकर स्थानीय नागरिकों के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ0 सत्येंद्र यादव, डॉ0 सुरेश विश्वकर्मा, सुधीर बाजपेई, मुन्ना सिंह मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद साबिर, विक्की गुलाटी, विनोद भारतीय कन्हैया मिश्रा, पप्पू गुप्ता, मंजू , किशनलाल शर्मा, आदि रहे।




### मंत्री ने छात्रों को वितरित किया स्मार्टफोन

**करछना।** प्रयागराज के बीएमजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की ओर से संचालित बी एम जी डिग्री कॉलेज बघेडा. में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन सोमवार को वितरित किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान रही । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मत्स्य पालन विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद रहे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन मुहैया होने से छात्र व छात्राओं का तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन होगा। जिससे विद्यार्थी नई तकनीक का प्रयोग करके अपनी बौद्धिक क्षमता का भरपूर विकास के सहित लाभ हासिल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि पूर्व में स्वयं शिक्षिका रही। बाद में नेत्री बनी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ उद्यमी बनने की सलाह दी । और कहा कि मोदी सरकार की ओर से जारी नई शिक्षा नीति से किताबी ज्ञान के अलावा अन्य हुनरो सहित स्मार्टफोन से विषय ज्ञान प्राप्त होगा ।संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्य

# नाव पलटने से चार लोग टोंस नदी में समाए, तीन बचाए गए, एक की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कौंधियारा इलाके कोहंड़ार घाट पर टोंस नदी में मछली मारने गए लोगों की नाव पलट गई। नाव में सवार चार लोग डूबने लगे। तीन लोगों को किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक का पता नहीं चला। उसकी खोजबीन की जा रही है। घटना से परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस भी गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन में जुट गई है।कोहड़ार क्षेत्र के मई गांव के नाविक मछली मारने नदी में सुबह नौ बजे के करीब गए थे। नाव पर एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। मछली मारते समय नाव अचानक बीच नदी में डूब गई। जिससे चारों नदी में समा गए। तीन लोगों को तो किसी तरह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन मई खुर्द गांव के राममूरत (50) पुत्र रामकरन का पता नहीं चला। संतोष पुत्र रामकरन, उदल निवासी दुमदुमा थाना हंडिया और बबलू निवासी शंकरगढ़ को बचा लिया गया।

## भूमाफिया गणेश यादव सहित एक दर्जन गुर्गो पर मुकदमा

**झूंसी।** रंगदारी न देने पर फायरिंग, मारपीट के मामले में भू माफिया गणेश यादव सहित उसके एक दर्जन गुर्गो के खिलाफ झूंसी पुलिस ने हत्या का प्रयास, लूट, रंगदारी कई धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। गणेश यादव डेढ़ महीने पहले ही जेल से छूट कर आया है। कटरा निवासी रवि प्रताप सिंह अपने कुछ दोस्तों के साथ झूंसी संगम विहार हवेलिया निवासी अपने साथी इरफान के निर्माण अधीन मकान के सामने बैठकर आपस में बातचीत कर रहे रहे थे। तभी भूमिया गणेश यादव के दर्जन भर से अधिक गुर्गे दो चार पहिया व बाइक से पहुचे और सभी को धमकाने लगे और कहा कि तुमसे 5 लाख की रंगदारी मांगी गई थी तुमने दिया नहीं और काम कैसे शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी मारपीट करने लगे इस दौरान माफिया के दो गुर्गो ने फिल्मी स्टाइल में फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर भगदड़ मच गई। घटना का वीडियो बना रहे युवक के साथ भी मारपीट कर माफिया के गुर्गों ने मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए। पुलिस ने गणेश यादव, उसके बेटे रवि यादव व कुलदीप यादव, रिंकू पहलवान, सनी गिरी, रोहित यादव उर्फ विधायक, अंशु यादव, राणा यादव, विशाल सिंह पटेल, पार्षद पति मंजीत यादव, दीपक यादव, सचिन यादव सहित सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर सभी की तलाश में लगी हुई है।

















































# कुंडा-बाबागंज का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता: विनोद सोनकर

## सांसद ने धान क्रय केन्द्र आलापुर का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए अनेकों कार्य किये है। आज ऐसा कोई घर नही बचा है। जहाँ पर सरकार की योजना न पहुंची हो। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारण्टी की गाड़ी भेजी है, जो प्रत्येक गांवो में जा रही है।

उक्त बातें सोमवार को क्षेत्र के चकादर अली में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी गाड़ी चैपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद कौशाम्बी, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने उपस्थित जन समूह के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि मोदी की



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते सांसद विनोद सोनकर।

गारण्टी गाड़ी को क्षेत्र में अपार समर्थन मिल रहा है। जर्जर बिजली के तार मेरे प्रस्ताव पर आए केन्द्र सरकार से आए बजट से बदला जा रहा है। विद्युतीकरण से सभी मजरों को जोड़ा गया। 2024 तक हर घर को नल से शुद्ध जल मिलना प्रारम्भ हो जायेगा। यह सब सम्भव हुआ आपके एक वोट की ताकत से। कश्मीर से धारा 370 खत्म हुई। राम मन्दिर बनकर तैयार हो गया। 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने घर में आ रहे है। आज कुण्डा बाबागंज की तस्वीर बदल रही है। विकास का रथ रुकने वाला नही है। इसके बाद आलापुर, सुनियावां में मोदी की गारण्टी गाड़ी के साथ चैपाल कार्यक्रम में सांसद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। धान क्रय केन्द्र आलापुर का औचक निरीक्षण सांसद विनोद सोनकर ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिम्पू, सन्तोष तिवारी, गोलू शुक्ल, गौरव शुक्ल, खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सन्तोष शुक्ल, प्रधान ज्ञान चन्द्र यादव फौजी, समीदा बनो,सरोज त्रिपाठी, यशवंत सिंह, शिव दुलारे पाण्डेय, राजेन्द्र सरोज, राजेन्द्र पटेल, शुभम सोनकर, इरफान अहमद, सतीश मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता ईमानदारी से न्याय दिलाने की सुनिश्चित करें प्रतिबद्धता: राजा भइया

## कुण्डा में दि बार एसोशिएसन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** स्थानीय कुण्डा तहसील सभागार में सोमवार को दि बार एसोशिएसन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल तथा बाबागंज विधायक विनोद सरोज व प्रदेश के मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रशान्त सिंह अटल की गरिमामय मौजूदगी में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि राजा भइया की विशिष्ट मौजूदगी में ऐल्डर कमेटी के चेयरमैन गुरू प्रसाद श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित अध्यक्ष शीतला प्रसाद यादव तथा महामंत्री संजय कुमार मिश्र के साथ निर्वाचित नये पदाधिकारियों को पद एवं उत्तरदायित्व का शपथ ग्रहण कराया। बतौर मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री राजा भइया ने अधिवक्ताओं से कहा कि वह ईमानदारी से लोगों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं पर यह बड़ा दायित्व है कि लोगों को मुश्किलों से निजात दिलाने के लिए पूरे मनोयोग से न्यायिक सेवा के मिशन को सफल बनायें। पूर्व मंत्री राजा भइया ने कहा कि जरूरतमंद तबके के अधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष का रास्ता भी पूरी दृढ़ता के साथ दिखना चाहिए।

उन्होंनें कहा कि वह कुण्डा तथा बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विकास तथा न्याय दिलाने के लिए सदैव संकल्पबद्ध रहेंगे। पूर्व मंत्री राजा भइया ने जब शपथ ग्रहण समारोह में कुण्डा के अधिवक्ताओं के लिए अपनी विधायक निधि से दस लाख रुपए अधिवक्ता शेड के मद में घोषणा की तो खचाखच भरा सभागार अधिवक्ताओं की तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य स्थायी अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल ने अधिवक्ताओं के संघर्ष की रूपरेखा खींचते हुए कहा कि वकीलों का सबसे बड़ा धर्म न्याय के प्रति एकजुटता के साथ संघर्ष है। विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल तथा बाबागंज विधायक विनोद सरोज व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने भी शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष शीतला प्रसाद यादव ने अधिवक्ताओं की समस्याओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने स्वागत भाषण में वकालत के मिशन पर प्रकाश डाला।

# कटरा मेदनीगंज में निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा

## आरएसएस के पदाधिकारी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति खंड सदर के संयोजकत्व में कटरा मेदनीगंज में पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भगवान राम के आदर्शों के प्रति पूरे समाज में संकल्पित भावना का परिचायक है। यह यात्रा कटरा मेदनीगंज के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कटरा चैराहे होते हुए शीतला धाम मंदिर के बगल से कटरा बस्ती के मध्य से शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। माताएं बहने सिर पर कलश लिए यात्रा में चल रही थी। रथ पर पूजित अक्षत का विधि विधान से मंत्रोच्चार द्वारा पूजन के



अक्षत कलश यात्रा में शामिल आरएसएस के पदाधिकारी।

पश्चात यात्रा के मध्य में भव्य रथ चल रहा था। सभी राम भक्त श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के द्वारा उद्घोष करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ जिले के जिला कार्यवाह हेमंत, सुभाष, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री चंदन, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रजनीश, सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय, जिला संयोजक राजन, सदर खंड के खंड कार्यवाह रवि, जयंत, प्रभात मिश्रा, खंड संघ चालक कृष्ण देव, अजय, अनुराग, के के गुप्ता, मनीष सिद्धांत, आशीष, सूर्य प्रकाश, सूरज, संजय, अभिनव एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं साधु संत उपस्थित रहे।

## बच्चा बैंक की चाय से ग्रामीणों को मिली राहत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नूतन वर्ष में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से चाय का निःशुल्क वितरण किया गया। जिसे पीकर ग्रामीणों को ठंड में राहत मिली। चाय लेने को भीड़ उमड़ी रही। भंगवा गांव में बच्चा बैंक की तरफ से जरूरतमंदों के लिए फ्री स्टडी सेंटर पर चाय और नाश्ते की फ्री व्यवस्था की गई थी। जिसका लाभ लोगों ने उठाया। इसी क्रम में चार जरूरतमंद बच्चों का भी जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। सेंटर के संचालक शनि सरोज ने बताया कि ग्रुप के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिवम, नैंसी, अंजू, अंतिमा, लाजू, सलोनी, प्रिया, साहिल, हिमांशु समेत कई लोगों का सक्रिय योगदान रहा।

# आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है जिला प्रतापगढ़: डा0 एसपी पटेल

## सपा के प्रतापगढ़ लोकसभा प्रभारी ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रतापगढ़ लोकसभा प्रभारी, पूर्व एमएलसी एवं शिक्षाविद डा0 एसपी पटेल ने आज एक प्रेसवार्ता कर आंवला उत्पादकों की समस्या को उठाते हुए बेरोजगारी पर सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आंवले को एक जिला एक उत्पाद के रुप में रखा जरुर, लेकिन उन्होंने आज तक न तो उचित दर दिलवाया और और न ही फैक्ट्री स्थापित हुई।

उन्होंने कहा कि आज किसान छुट्टा पशुओं के कारण रात-रात भर अपने खेतों की रखवाली कर रहा है लेकिन इस पर भी सरकार ध्यान



प्रेसवार्ता में बोलते पूर्व एमएलसी डा0 एसपी पटेल।

नहीं दे रही है। चिलबिला स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए डा0 एसपी पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ में मेडिकल कालेज तो बना, लेकिन बुनियादी सुविधाएं अभी तक उपलब्ध नहीं हुई है। इसके अलावा दो नदियों सई व गोमती से घिरे इस जनपद में पुलों का निर्माण न होने से वहां के ग्रामीणों को 10-15 किमी घूमकर जाना पड़ता है। लालगंज व मानधाता क्षेत्र के कई स्थानों का उन्होंने उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्य तेज आ रहे हैं लेकिन प्रतापगढ़ जिले में अभी भी बेरोजगारी व्याप्त है। एक प्रश्न के उत्तर में डा0 एसपी पटेल ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम सबके हैं, किसी एक पार्टी के नहीं हैं। जातियों व धर्म के आधार पर समाज को बांटना गलत है। उन्होंने मांग की कि केन्द्र सरकार पेट्रोल, डीजल के दाम को घटाए, नहीं तो महंगाई पर नियंत्रण करना मुश्किल होगा। पत्रकारवार्ता में डा0 एसपी पटेल के मीडिया प्रभारी विजय मिश्र, पूर्व एमएलसी कांति सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति सिंह और सपा के जिला महासचिव अब्दुल जिलानी, मनीष पाल व अंकुर मौर्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्कार आरोग्य वाटिका में लगाये गए औषधीय पौधे

## संस्कार ग्लोबल स्कूल में एसडीएम सदर ने शिक्षकों को पौधरोपण का दिलाया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में निर्मित आरोग्य वाटिका में औषधीय पौधे लगाए गए। पौधरोपण कर शिक्षकों ने नए वर्ष में पौधरोपण और उसके सरंक्षण का संकल्प लिया। संस्कार आरोग्य वाटिका में एसडीएम सदर उदयभान सिंह ने तुलसी, नायब तहसीलदार आनन्द यादव आंवला, निदेशक संजय सिंह गिलोय ,प्रिंसिपल समीना अख्तर ने एलोवेरा का पौधा लगाकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। सके बाद शिक्षकों ने नीम, नीबू, चीकू, सौंफ, अदरक, सुपाड़ी, जीरा, लहसुन, चमसुर, लौंग, अलसी, प्याज, सतावर, अजवाइन, अंगूर आदि औषधीय पौधे रोपित किये। अंजना पॉलीटेक्निक कालेज के प्रिंसिपल रंजन सिंह, बीएन सिंह पीजी कालेज के प्राध्यापक फौजदार सिंह ने औषधीय पौधों की विशेषता बतायी। एसडीएम सदर उदयभान सिंह ने शिक्षकों को पौधरोपण और




संस्कार ग्लोबल स्कूल में पौधरोपण करती शिक्षिकाएं।

उसके संरक्षण की शपथ दिलायी। संगीत दुबे ने अतिथियों का स्वागत व संचालन अविनाश सिंह ने किया। प्रकाश त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, शिवम त्रिपाठी, विपिन सिंह, विनोद मौर्य, नितिन सिंह, आनंद, पवन सोनी, जेपी त्रिपाठी, सदाशिव, संजीव शुक्ल, तरुण पांडेय, अतुल श्रीवास्तव, सुधा सिंह, क्षमा सिंह, श्वेता, नीलम, अंकिता, रंजना, पंकज, प्रमोद, रेनू, हिमांशु, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# नए साल पर कम्पनी गार्डेन व बेल्हा देवी में उमड़ी भीड़



बेल्हा देवी मंदिर में दर्शन पूजन करने को उमड़ी भीड़।



नये साल पर जश्न मनाती महिलाएं।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नए वर्ष-2024 पर आज शहर में कम्पनी गार्डेन व बेल्हा देवी मंदिर में भीड़ उमड़ पड़ी थी। कम्पनी गार्डेन का आलम तो यह था कि अम्बेडकर चैराहे से लेकर कम्पनी बाग के आगे तक भीड़ इतनी जबरदस्त थी कि ऐसा लग रहा था कि पूरा शहर कम्पनी बाग में उमड़ पड़ा रहा है। लोग महिलाओं व बच्चों के साथ इस भीषण ठंड में कंपनी गार्डेन पहुंचे थे। भीषण ठंड को देखते हुए नगर पालिका ने जगह-जगह अलाव जलाये गये थे तथा रोड गैंग व कर्मचारी भी लगे थे, लेकिन देर शाम तक कम्पनी गार्डेन खचाखच भरा हुआ था।

बता दें कि शहर के प्रायः बच्चे वहां खेलने तथा ज्यादातर लोग टहलने जाते थे लेकिन आज पहली जनवरी को शहर से ही नहीं, गांव से भी लोग कम्पनी बाग का सैर करने निकल पडे.थे जिससे भीड़ बढ़ गई थी जिसे नियंत्रित कर पाना मुष्किल हो रहा था। दूसरी तरफ बेल्हा देवी मंदिर में भी दर्शनार्थियों की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोगों को इतनी भीड़ होने की आज आशा नहीं थी। देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा।

## हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पट्टी के उ0नि0 श्याम सुन्दर गिरि मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र /विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 536/2023 धारा 147, 148, 149, 307, 324, 323, 504, 506, 341, 427 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त राकेश सिंह पुत्र भारत सिंह नि0ग्राम असुढ़ी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर

# बेखौफ चोरों ने विद्यालय से उडाये नकदी व सामान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र में चोर बेखौफ नजर आ रहे हैं। रविवार की रात भी चोरों ने एक विद्यालय का ताला तोडकर नकदी व सामान उड़ा लिया। थानान्तर्गत गुरूकुल एकेडमी लीलापुर के प्रबंधक अनिल शुक्ल मधुकर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सोमवार सुबह स्कूल पहुंचे तो गेट का ताला टूटा देख आवाक रह गये। आरोप है कि अज्ञात चोर अंदर कार्यालय के दरवाजे का भी ताला तोडकर आफिस में रखी आलमारी का लाक तोड दिया और उसमें रखे विद्यालय के अभिलेख व खेलकूद के सामान, पीतल की घंटी, तेरह सौ रुपए नकदी के साथ ही कमरे में रखी कुर्सी व अन्य सामान उठा ले गये। प्रबन्धक की सूचना पर पीआरवी पुलिस पहुंची और जांच के बाद वापस लौट गयी। प्रबंधक ने बताया कि यह विद्यालय में चोरी की चैथी घटना है। बीते शनिवार को भी अज्ञात चोर दूल्हेपुर गांव में एक घर में ताला तोडकर हजारों की नकदी व जेवरात चुरा ले गये थे। इलाके में बढ़ी चोरी की घटना से ग्रामीण दहशत में हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है इसीलिए इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मामले की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कार की चपेट में आने से महिला समेत दो घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कार की चपेट में आने से युवक व महिला समेत दो लोग घायल हो गये। रायबरेली जनपद निवासी अनहर खान अपनी बुआ के साथ सोमवार को दोपहर करीब एक बजे ससुराल से घर जा रहे थे। प्रतापगढ़ रायबरेली हाइवे पर नया पुरवा के समीप अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया। यहां गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वृद्धाश्रम महुली में नव वर्ष पर क्लब ने बांटे उपहार

## नववर्ष पर 80 दादा-दादी का मिला आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारीयो ने नववर्ष का शुभारंभ वृद्धाश्रम पहुंचकर नए वर्ष की खुशियां बाँटी। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में क्लब के पदाधिकारी वृद्धाश्रम पहुंच कर वहां पर सभी वृद्धजनों को पुष्प व मिठाई खिलाकर नव वर्ष की खुशियां साझा की गई।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि नववर्ष पर 80 दादा दादी जो अपनों के सताए हुए हैं उनको किसी प्रकार की नव वर्ष पर कमी न खले यहां आकर सभी वृद्ध दादा दादी से मिलकर उपहार आदि देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि नव वर्ष का शुभारंभ 80 दादा दादी का आशीर्वाद लेकर नए वर्ष की शुरूआत करने का सौभाग्य हमें मिला यह भगवान की बड़ी कृपा है। आज नव वर्ष पर वृध्दजनों के लिए क्लब के संरक्षक सुरेश अग्रवाल द्वारा एलइडी टीवी भेंट की गई जिससे वृद्धजनों कि खुशी दोगुनी हो गई। अब वृद्धजन 22 तारीख को प्रभु श्री राम के मंदिर का सीधा प्रसारण भी देख सकेंगे। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, मानसिंह, अंबिका प्रसाद, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार आदि ने वृध्दजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सरकार के नए नियमों के विरुद्ध सड़क पर उतरे वाहन चालक लगाया जाम पुलिस ने खदेड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए बनाए गए नए नियमों के विरुद्ध सोमवार को कौशांबी जिले में वाहन चालक सड़क पर उतर आए,वाहन चालकों ने हाइवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया,जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाठी पटककर खदेड़ दिया। इससे जिले के विभिन्न सड़कों चौराहों पर पूरे दिन अफरा तफरी का माहौल बना रहा वाहन चालकों के इस आंदोलन में ट्रक प्राइवेट बस विक्रम टेंपो टैक्सी के साथ-साथ मॉल वाहन के चालकों ने अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर हड़ताल का समर्थन किया है विक्रम टेंपो प्राइवेट बस के खड़े हो जाने से आवागमन के लिए यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा है कई कई किलोमीटर दूर तक लोगों को पैदल यात्रा कर गंतव्य तक पहुंचना पड़ा है सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए लागू किए गए नये कानून,जिसमे हादसे मे अगर



वाहन न मिलने पर लोगों ने या तो अपनी यात्रा निरस्त कर दी है या फिर पैदल यात्रा कर गंतव्य तक पहुंचाने का प्रयास किया है

आंदोलन में ट्रक प्राइवेट बस विक्रम टेंपो टैक्सी के साथ मॉल वाहन के चालकों ने अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर हड़ताल का समर्थन किया

चालक गाड़ी छोड़ कर भागता है तो ड्राइवर के ऊपर 10 लाख का जुमार्ना और 10 साल की सजा के विरोध में सोमवार के दिन वाहन चालकों ने सैनी चौराहे पर ट्रक खड़ी कर हाइवे जाम कर दिया जिससे काफी देर तक आवागमन बाधित है प्रदर्शन कारी वाहन चालकों का कहना है की अगर नियम मे बदलाव नही हुआ तो लाखो करोड़ों वाहन चालकों के घर उजड़ जायेंगे।वही हाइवे जाम करने वाले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने लाठी पटककर जाम समाप्त करवा दिया। लेकिन पुलिस के लाठी पटकने के बाद भी विक्रम टेंपो प्राइवेट बस वालों ने पूरे दिन वाहन का संचालन नहीं किया जिसका खामियाजा आम जनमानस को पूरे दिन भुगतना पड़ा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित विभिन्न चौराहा पर वाहनों के इंतजार में कई कई घंटे सड़क पर लोग खड़े रहे और वाहन न मिलने पर लोगों ने या तो अपनी यात्रा निरस्त कर दी है या फिर पैदल यात्रा कर गंतव्य तक पहुंचाने का प्रयास किया है।

## दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी के आदेश

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिश्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस का अनुमोदन किया है, जहाँ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी रहेंगा। दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान को छोड़कर) तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया-करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम-पूरब शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बन्दी दिवस में दुकान खुली पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी, जिसके उत्तरदायी दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के स्वामी स्वयं होंगे।

## 02 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-कैमा, गरई, फरीदपुर सुलेम व सेंवढ़ा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा जवई पड़री, सैनी, पहाड़पुर सुधवर व शेरगढ़ में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 02 जरवरी 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

## ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का 15 जनवरी तक अवकाश घोषित

**कौशाम्बी।** डीएम के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने शीत लहरी की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों का दिनाँक 01 जनवरी 2024 से दिनॉक 15 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित किये हैं अवकाश में सभी ऑगनबाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा हाट कुक्ड फूड मील का संचालन न कर केन्द्र की अन्य आवश्यक सुविधाएं यथा-गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियां, टीकाकरण, ड्राई राशन का वितरण एवं पोषण ट्रैकर पर लाभार्थी फीडिंग आदि शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्वत की भॉति किया जायेगा।

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार

कौशाम्बी थाना पिपरी पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये हीरालाल सतीश सरोज विजय पाल लाल सिंह निवासी लोधौर थाना पिपरी कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जुआ फड़ से ताश के पत्ते और 2000 रुपए से अधिक नगद पुलिस ने जुआ खेल रहे जुवारियो से बरामद किया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# समझौते के बाद अक्रोषित परिजनों ने 2 दिन बाद किया अंतिम संस्कार



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत सिराथू वार्ड नंबर 4 हौली पर में एक बुजर्ग महिला की 30 दिसंबर को सुबह मौत हो गई उसकी बड़ी पुत्री कुसमा ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी गया प्रसाद ने जमीन लिखवा लिया पैसा नहीं दिया जिससे सदमे में उसकी माता की मृत्यु हो गई ऐसा आरोप लगाकर शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया क्षेत्रीय पुलिस अंतिम संस्कार करने के लिए अनुरोध करती रही आक्रोशित चारों बहनों ने परिवार के साथ आज 1 जनवरी को सिराथू रेलवे ओवरब्रिज पर शव रखकर रास्ता जाम कर दिया आवागमन पूर्ण रूप से बंद कर दिया मार्ग अवरुद्ध की सूचना मिलते ही सिराथू सर्किल पुलिस के हाथ पाव फूल गए आनन फानन आरोपी से समझौता करवा कर परिजनों से अंतिम संस्कार को राजी कर लिया ।वहीं लोगों ने कहा ये समझौता तो 24 घंटा पहले भी हो सकता था क्षेत्रीय पुलिस ने प्रयास नहीं किया।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में नव वर्ष के उपलक्ष्य में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को प्रबंधक संजय गुप्ता पूर्व विधायक चायल एवं संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने स्कूल के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सम्मानित किया इस समारोह में सभी शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों के सामूहिक समर्थन में एक साथ आए और कर्मचारी की मेहनत एवं योगदान को सराहा। प्रबंधक ने इस सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा यह सम्मान उनकी अद्वितीय मेहनत, प्रतिबद्धता, और स्कूल के प्रति उनके समर्पण का परिचायक है। उनके प्रयासों ने हमारे स्कूल को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है। इस सम्मान के साथ ही, स्कूल ने एक स्मृति पत्र और उपहारों के साथ कर्मचारी को सम्मानित किया, जिससे उनकी मेहनत को मान्यता मिली और प्रेरणा मिली। इस सम्मान



से स्पष्ट होता है कि एक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका में सफलता के लिए टीम काम और सहयोग कितना महत्वपूर्ण है। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि यह सम्मान उत्कृष्टता की प्रेरणा देने में सहायक हो सकता है, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि सम्मान के माध्यम से, स्कूल द्वारा कर्मचारी कल्याण के लिए समर्थन प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी सामाजिक, आर्थिक, और मानसिक आच्छादन में सुधार हो सकता है।

# मानव श्रृंखला बनाकर बड़ी धूमधाम से बच्चों ने मनाया नए वर्ष का पर्व

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एन डी कन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज में नया वर्ष 2024 को बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर बड़ी धूमधाम से मनाया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बच्चों को नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का आवाहन किया और कहां की पिछली गलतियों को भूलकर आगे बढ़े। इस मौके पर रामनरेश यादव, सुनील सिंह,अभिषेक कुमार, आई बी सर, राधा रानी, सरोज अग्रवाल, दीपिका कुमारी ,शिवानी यादव, आकांक्षा पाल, ज्योति, ममता,मनीषा विश्वकर्मा, अनिल कुमार ,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।




# सरकारी योजनाओं के भ्रष्टाचार से आता है भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का खर्च

**कौशाम्बी।** केंद्र वा प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के लाभ से आम जनमानस को लाभ दिए जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से प्रतिदिन जिले के तमाम ग्राम पंचायत में किया जा रहा है बड़े-बड़े अधिकारी और बड़े-बड़े नेता कार्यक्रम के आयोजन में शामिल हो रहे हैं मंच के माध्यम से तमाम झूठ और सही बयान देकर के आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में मंच माइक पंडाल कुर्सी आदि के खर्चे में 25 हजार से 40 हजार तक प्रत्येक कार्यक्रम में खर्च हो रहा है इस बात को दबी जुबान से पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान स्वीकार भी कर रहे हैं लेकिन बजट नहीं है।

गौरतलब है कि कार्यक्रम आयोजन के लिए सरकारी योजना में बजट नहीं है जिससे बड़े अधिकारियों द्वारा मौखिक तौर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के खर्च की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को दी गई है अब यह ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपने वेतन से तो विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के सरकारी कार्यक्रम के पंडाल मंच कुर्सी माइक आदि में होने वाले खर्च को करने को तैयार नहीं है विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन में होने

भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में अब तक खर्च हो चुका करोड़ो लेकिन सरकारी अभिलेखों में कहीं नहीं है दर्ज, जांच हुई तो बीडीओ कार्यालय से लेकर विकास भवन तक के कई जिम्मेदार अधिकारियों पर गिर सकती है गाज




वाले खर्च की पूर्ति के लिए सरकारी योजनाओं के कार्यो में भ्रष्टाचार कर खर्च के रकम की भरपाई की जाने लगी है जिससे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बाद जिले में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है योजनाएं जमीनी हकीकत पर नहीं उतर पाई है एक तरफ सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के माध्यम से सरकारी योजनाओं के सफलता का ढिंढोरा पीट रही है केंद्र प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात कर रही है लेकिन जबकि हकीकत इसके ठीक विपरीत है विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजन के बाद भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है और योजनाओं से जुड़े अधिकारी इस बात को दबी जुबान से स्वीकार भी कर रहे हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ा है विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन में होने वाले खर्च की भरपाई मजबूरन ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को विकास योजनाओं के भ्रष्टाचार से करनी पड़ रही है लेकिन इसका कहीं बजट नहीं है सैकड़ो गांव में कार्यक्रम आयोजन के बाद इसका कहीं बिल वाउचर नहीं है जिले में सब कुछ खुलेआम हो रहा है अधिकारी से लेकर नेता तक इस मामले में कुछ खुलकर बोलने को तैयार नहीं है आखिर जब सरकारी बजट नहीं था तो विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन कराने की सरकार को क्या आवश्यकता थी कार्यक्रम के आयोजन में मंच माइक पंडाल कुर्सी आदि में होने वाले खर्च के लिए सरकारी बजट होने की आवश्यकता थी यदि सरकारी बजट नहीं था तो जमीन में दरी बिछा करके बड़े-बड़े अधिकारी और नेताओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सफलता का ढिंढोरा पीट देना चाहिए लेकिन बड़े-बड़े अधिकारी और नेता जमीन में दरी बिछाकर बैठने में शर्म संकोच महसूस कर रहे थे उन्हें तो मंच माइक और पंडाल चाहिए माला फूल स्वागत के लिए चाहिए जिससे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजन में होने वाले खर्च की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को सौंप दी गई और आयोजन में होने वाले खर्च को भरपाई ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव ने विकास योजनाओ में भ्रष्टाचार के जरिए पूरा करना शुरू कर दिया है जिन-जिन गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ है उस गांव में कराए गए विकास कार्यों की यदि शासन स्तर से जांच कराई गई तो बड़े चौंकाने वाले परिणाम सामने होंगे बड़े भ्रष्टाचार के कारनामों का खुलासा होगा खंड विकास अधिकारी कार्यालय से लेकर विकास भवन तक के कई जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिर सकती है विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बाद जिले में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है जो बड़ी जांच का विषय है।

## मरम्मत के चलते 3 से 7 जनवरी तक पांच दिनों के लिए बंद रहेगा भरवारी का रेलवे फाटक

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले का व्यस्तम रेलवे क्रासिंग भरवारी का रेलवे फाटक अगले पांच दिनों के लिए बंद किया जा रहा है,भरवारी का रेलवे फाटक 03 जनवरी की सुबह 7.30 बजे से 07 जनवरी की रात 10 बजे तक के लिए रेलवे बंद कर रहा है। रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन की मरम्मत और स्लीपर बदलने के लिए रेलवे विभाग पांच दिनों के लिए रेलवे फाटक को बंद कर रहा है। रेलवे के पीडब्ल्यूआई ब्रम्हशंकर पांडेय ने बताया कि रेलवे क्रासिंग पर रेलवे लाइन की मरम्मत और स्लीपर बदलने के लिए भरवारी का 13 इ रेलवे फाटक 03 जनवरी से 07 जनवरी तक पांच दिनों के लिए बंद किया जा रहा है,रेलवे फाटक बंद होने की दशा में सभी लोग रोही बाईपास होकर आ और जा सकते है।इसकी जानकारी के लिए विभाग ने रेलवे फाटक पर दोनो तरफ नोटिस भी लगा दी है।

## न्यूज झरोखा

### विदेशी साइबेरियन पक्षियों का हो रहा शिकार,पुलिस ने दो शिकारियों को किया गिरफ्तार



**कौशाम्बी** हजारों किलोमीटर का सफर कर कौशाम्बी में आए विदेशी साइबेरियन पक्षियों का कुछ शिकारियों ने शिकार करना शुरू कर दिए है,पुलिस ने दो शिकारी युवकों को सात मृत साइबेरियन पक्षियों के साथ गिरफ्तार किया है।कौशाम्बी जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक अलवारा झील में प्रत्येक वर्ष ठंड शुरू होते ही हजारों किलोमीटर का सफर तय कर साइबेरियन पक्षी आते है और ठंड के सीजन तक रुकते है।वही शिकारी उन्ही विदेशी पक्षियों को मारकर बेचना शुरू कर दिए है। शिकारी युवक साइबेरियन पक्षियों को मारकर एक पक्षी को 125 रुपए में बेचना शुरू कर दिए है,किसी ग्रामीण ने एक युवक के पास पक्षियों को देखा तो उसे रोक लिया और युवक के पास जैकेट में भरकर ले जा रहे साइबेरियन पक्षियों का वीडियो बना लिया।ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए है।आरोपियों के पास से 7 मृत साइबेरियन पक्षी बरामद हुए है। पुलिस गिरफ्तार युवकों से पूछताछ कर रही है।

### सेवानिवृत्त हुए दो होमगार्ड हुए सम्मानित



**टेडीमोड कौशाम्बी।** होमगार्ड कम्पनी कड़ा में तैनात दो होमगार्ड अमर सिंह 331 और रामविलाश 309 अपनी नौकरी से रविवार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो गए है उनके सेवानिवृत्त होने पर साथियों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर होमगार्डो को सम्मानित किया गया और सेवानिवृत्त होमगार्डो के कार्यकाल की सराहना की गयी वक्ताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर बीओ ब्लॉक ऑगेर्नाइजर शैलेन्द्र पांडेय, श्रीप्रकाश, रामकिशोर, रामनरेश, चतुरे लाल, जयकरन, किशोरी लाल, सुरेश, खालिक संग्राम सिंह,तीरथ प्रसाद प्रदीप कुमार देशराज रामप्रकाश पांडेय आदि होमगार्ड टीम उपस्थित रही

### भैराएं प्रधान ने ढाई सौ जरूरत मंदो के बीच बाटे कम्बल



**अझुवा कौशांबी** सिराथू तहसील के ग्राम सभा भैराएं प्रधान गोपी मौर्य ने ढाई सौ जरूरत मंदो को कम्बल वितरण किया है कम्बल पाकर गरीब गुरबों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए मौके पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने ग्राम प्रधान के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंशा की है ग्रामीणों को संबोधित करते हुए धर्मराज मौर्य ने कहा कि मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है आज हर कोई अपनी आकांक्षाओं को पूर्ण करने में व्यस्त है ऐसे में समाज सेवियों द्वारा ये नेक कार्य करना प्रसंशनीय है और ऐसे लोग धन्यवाद के पात्र हैं इस अवसर पर नगर पंचायत अझुवा चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य,सभासद फूल चंद्र केसरवानी, अच्छू भाई,हीरा लाल मौर्य, बालकरन मौर्य कड़ा ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित तमाम सम्मानित लोग एवम ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।ग्राम प्रधान गोपी मौर्य ने बताया कि कम्बल वितरण का ये 6 वा वर्ष है ।

### नवजीवन अस्पताल द्वारा लगाया गया निशुल्क दवा वितरण कैंप



**कोखराज कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के शीतला धाम मुण्डन स्थल पर नव वर्ष की सुबह नवजीवन अस्पताल कसिया की तरफ से निशुल्क दवा वितरण का कैंप लगाया गया इस निशुल्क वितरण दवा कैंप में नवजीवन अस्पताल के आधा दर्जन से अधिक योग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों की देखभाल जांच इलाज की गई निशुल्क दवा वितरण कैंप में 300 मरीजों को निशुल्क दवा अस्पताल द्वारा दी गई है इस कैंप आयोजन में सप्तमी पण्डा अंजनी पण्डा दिवाकर पण्डा आशा विनीता पण्डा एवं पंडा समाज के सहयोग से निशुल्क दवा वितरण कैंप सकुशल संपन्न हुआ अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नवजीवन अस्पताल कसिया में मरीजों की देखभाल इलाज के लिए हमेशा 24 घंटे आधा दर्जन से अधिक योग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और इलाज की जा रही है।

### पूर्व सांसद ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



**भरवारी कौशाम्बी** नव वर्ष के शुभ आगमन पर पूर्व सांसद एवम जनसत्ता दल के प्रधान महासचिव शैलेंद्र कुमार द्वारा कौशांबी जनपद के तमाम क्षेत्र का तूफानी दौरा कर लोगो को नववर्ष की शुभकामनाएं दिया पूर्व सांसद के दौरा के दौरान भरवारी में शंकर लाल अग्रहरी के दुकान पर कुछ अपने लोगो के साथ बैठक कर कुशल छेम जाना इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजू सक्सेना वरिष्ठ नेता अनीश चच्चा चांद मिया कन्हैया लाल पंचम लाल मौर्य शिवम अग्रहरी सक्षम सक्सेना बहादुर लाल सुदामा प्रसाद बीरेंद्र फौजी आदि लोग मौजूद थे

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 03 जनवरी को

**कौशाम्बी** राजकीय आई0टी0आई0 एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन 03 जनवरी 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर में किया जायेंगा, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 25 से 30 कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने देते हुए बताया कि हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0/ डिप्लोमा उत्तीर्ण एवं कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकतें हैं।

### दबंगों ने महिलाओं को दी जान से मारने की धमकी

**महगांव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के रसूलाबाद ऊर्फ कोइलहा गांव में सरकारी जमीन के रास्ते को बाधित कर रहे दबंग को जब मनीषा देवी पत्नी रमेश चंद्र ने मना किया तो दबंगों ने गाली गलौज कर महिला को जान से मारने की धमकी देने लगे घटना 1 जनवरी की सुबह की है इतना ही नहीं मनीषा देवी के घर चार-पांच दबंग पहुंच गए और घर में मौजूद महिलाओं को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है मनीषा देवी ने बताया कि गांव के सुभाष राजकुमार नीलू विजय आदि सरकारी रास्ते को बाधित कर रहे हैं और सरकारी रास्ते पर शौचालय बनाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि पूर्व में समझौता हो चुका है कि सरकारी रास्ते में शौचालय नहीं बनाएंगे मामले की सूचना पीड़ित महिलाओं ने संदीपन घाट थाना पुलिस को दिया है।

### कोखराज टोल प्लाजा को प्रतिदिन हो रहा है 60 लाख का नुकसान

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए बनाए गए नए कानून को लेकर वाहन चालक पिछले दो दिनों से प्रदर्शन कर रहे है,वाहन चालकों के प्रदर्शन के चलते सड़को पर ट्रक सहित अन्य वाहनों की संख्या बहुत सीमित दिखाई दे रही है,वही कोखराज टोल प्लाजा पर प्रतिदिन की भांति बहुत कम संख्या में ट्रक निकल रहे है,जिसके चलते टोल प्लाजा के मालिक को लगभग 60 लाख रुपए प्रतिदिन का नुकसान हो रहा है। वाहन चालकों के हड़ताल और प्रदर्शन के चलते कोखराज टोल प्लाजा पर ट्रको का आवागमन बिलकुल कम हो गया है,वही ट्रको के कोखराज सहित सभी पांच टोल प्लाजा पर नही चलने से कंपनी को लाखो का नुकसान हो रहा है।इस संबंध में कोखराज टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज मिश्रा ने बताया कि हमारी कंपनी को कोखराज टोल प्लाजा सहित हमारे पांच टोल प्लाजा से सरकार को 74.50 लाख रुपए प्रतिदिन देने होते है,जिसमे पहले से ही हमारी कंपनी को नुकसान हो रहा है,वही वाहन चालकों की हड़ताल और प्रदर्शन के चलते कंपनी को इस समय बहुत कम वसूली आ रही है,जिससे कंपनी को लगभग 60 लाख रुपए का प्रतिदिन नुकसान हो रहा है।

## संपादक की कलम से

# भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय

अपने वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने देश से प्रेम का सशक्त परिचय.दिया।

भारत के बाद मेक्सिको और चीन को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिकों को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है। यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दशार्ता है क भारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस,फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षा बंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्र, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा क यानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है।

आपको भारतीय खाड़ी के देशों के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे। चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है।

बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है क कल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया क लड़का बंगाली है और लड़की आयरिश क लेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लडकी को देखता ही रह गया क मजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये क इसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था क ये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दशार्ती हैं क इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें। जिस मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार भरा होता है, वह उतनी ही तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ता है।

असली बात यह है कि देश में पैसा आना चाहिए। पैसा चाहे अमेरिका की सिलिकॉन वैली में काम करने वाले भारतीय आई टी इंजीनियर भेज रहे हों या फिर दुबई या खाड़ी के किसी भाग में काम करने वाले कुशल-अकुशल मजदूर। भारत में धन की आवक अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में बसे हुए भारतीयों की मार्फत खूब हो रही है।

# विकास बिना संस्कार, विनाश का आधार!

संघ और भाजपा की विकास नीति सफल हो रही है यह देख कर आनंद होता है। इस से गांधीवादी , रामराज्यवादी , कौटिल्यवादी, जेपीभक्त, और हिन्दुवादी ये सभी फूले नहीं समा रहे है। कांग्रेसी, कौम्युनिस्ट, और अत्याधुनिक वोकवादी लूटे पिटे से फिर रहे हैं। भविष्य में विश्व गुरु भारत का वसुधैव कुटुंब साकार होता लगता है।

कोई शक?

यस सर।

भीषण विकास अमरीका में हुआ। सन् पचास से। आज अमरीका कहाँ है?

ऋण के कूप में !!!

हर प्रकार का ऋण , केवल आर्थिक ही नहीं !! उन मौलिक जातियों का , प्रवासी जातियों का, और बौद्धिक संस्कृतियों का, जिन्होंने अमरीकी राष्ट्र का निर्माण किया। ऋण चुकाने की बजाए अमरीकी सत्ता की नीति ऋण दाताओं को दमन या युद्ध से दुर्बल करने की है जिसका परिणाम आत्मघात है। चीन भी लगभग उसी प्रक्रिया का शिकार है।

क्या यह सब देख कर भारत के कर्णधारों की आँखें नहीं खुल जानी चाहिए?

अमरीका-यूरोप ने ग्रीक सिद्धांत, अति का वर्जन करो और सुख को उत्कृष्ट मानसिकता बनाओ ( यूदाईमोनिया ) की अनदेखी करी। चीन ने कॉन्फ़्यूशस की मध्यमता सिद्धांत को त्याग मारक्षवाद का सहारा लिया। आज वह एक अविश्वसनीय पहलवान बन गया है।

तो भारत के लिए विकास गर्त से बचने का क्या मार्ग है ?

उस भूल को न करना जो पश्चिम और चीन में हुई। कौनसी? अपने मौलिक सांस्कृतिक मूल्यों का अवमान।

संस्कार केवल सम्मेलनों से , मैकाले मर्दन से, नेहरू परिवार निंदा से , विदेशी कुचालक एजेंटों को चिह्नित करने से
, या कितने ही पूर्वपक्ष और शत्रुबोध कराने वाले सेमीनार सत्रों से नहीं बन जाते !!

उनके लिए गुरुकुल, दर्शन, साहित्य , नाट्य, नृत्य, संगीत, और अनन्य शिल्प और कलाओं की संस्थाओं की स्थापना करनी पड़ती है और उन्हें मंदिरों और मठों से जोड़ना पड़ता है। जिस विश्वगुरु भारत का हम स्मरण करते हैं उसका ये संस्थाएँ ही आधार थीं !!!

सांस्कृतिक संस्थाओं की उपेक्षा , उनको राष्ट्रीय स्तर की पहचान न बनाना , शिल्पी व कलाकारों को संरक्षण न देना , उनको शिष्य निष्पादन के समर्थ न बनाना , ये ही पिछले १५ वर्षीय भाजपा शासन की पहचान रहे हैं। कांग्रेस के उपनिवेश वादी व्यवहार ने कला और संस्कार को ध्वस्त क्यों किया यह तो समझने में आता है, लेकिन
सांस्कृतिक राष्ट्र वाद वाली पार्टी से यह उपेक्षा कैसी हुई यह समझना मुश्किल है।

भूल सुधार करने का क्या संकल्प है, इसके भी मात्र आश्वासन हैं कोई ठोस योजना प्रकाशित नहीं।

अंत में हताश होकर वह ही उक्ति याद करनी पड़ती है :

बोद्धारो मत्सरग्रस्ताः
प्रभवः स्मयदूषिताः।
अबोधोपहताश्चान्ये जीर्णमङ्गे सुभाषितम्॥

# यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक

**आर.के. सिन्हा**



अगर कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ टुरिस्ट पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट । यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजाविधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनैतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था क संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी । लेकिन, गंगा की ह्यब्रांडिंगह्ल तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टुरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे । वाराणसी के चाहुमुर्खी विकास ने पर्यटकों को भरपूर आकर्षित किया क

काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्फ एक भव्य इमारत नहीं है, बल्कि; यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि में नए चैप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है। लेकिन जिन 300 संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उससे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। भरपूर मुआवजा मिला है सो अलग क

काशी में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डॉमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है।

इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक केंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोधगया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जहाँ प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईसवी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रहीं हैं, पर अब श्रीलंका, थाईलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक यहाँ आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन, इस जगह को आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रही है। बीते सावन के दिनों में काशी भर गया ता टूरिस्टों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में करीब 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ। कहना न होगा कि बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से काशी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध हुए हैं। काशी आने वाले सबसे ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, वाराणसी के घाटों की गंगा आरती करने, नमो घाट और सारनाथ का भ्रमण करने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में अनेक प्रकार के फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी समय-समय पर आयोजित किया जाता है। मुझे कुछ समय पहले मेरे ईस्ट अफ्रीकी देश केन्या के मित्र स्टीफन मुंगा कह रहे थे कि वे अपनी आगामी भारत यात्रा के समय काशी जरूर जाना चाहेंगे। मैंने उनकी काशी के प्रति दिलचस्पी की वजह पूछी तो कहने लगे कि भारत को समझने के लिए काशी को देखना जरूरी लगता है। वैसे बाबा विश्वनाथ का दर्शन कौन नहीं करना चाहेगा ?

हां, यह ठीक है कि काशी ने गोवा, केरल और देश के बाकी प्रमुख पर्यटन स्थलों-राज्यों को पीछे छोड़ दिया है, पर्यटकों को अपनी तरफ खींचने के स्तर पर, लेकिन देश के पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों को विकसित करना होगा। भारत के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पर्यटक को बढ़ावा देना लाभदायक होगा क

बेशक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश का टूरिज्म 10 गुना तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में 30,000 करोड़ रुपये से आधारभूत सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं। कुछ समय पहले देश भर के टूर ऑपरेटर्स की सालाना बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू पर्यटकों की पसंद के मामले में इस समय उत्तर प्रदेश देश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म के सभी बड़े केंद्र मौजूद हैं। जब अयोध्या में 2024 तक श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां 10 गुना से 50 गुना पर्यटन बढ़ने का अनुमान है । कृष्ण जन्मभूमि का कोरिडोर तैयार होने पर यही हाल मथुरा-वृंदावन का होने वाला है क अयोध्या हर सनातनी की आस्था का केंद्र है जहां भव्य मंदिर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके अलावा राज्य में रामायण, कृष्ण और बौद्ध सर्किट को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का प्रयास युद्धस्तर पर चल रहा है।

# आखिर पाकिस्तान बदहाल क्यों है?

**-बलबीर पुंज**

आखिर पाकिस्तान बदहाल क्यों है? 1947 में खूनी विभाजन के बाद खंडित भारत जहां चांद पर पहुंच गया, वही एक चौथाई भारतीय भूंखडों को काटकर बनाया गया पाकिस्तान क्यों इतना पिछड़ गया? आखिर पाकिस्तान इस हाल में कैसा पहुंचा? इसका संकेत पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की हालिया टिप्पणी में मिल जाता है। बीते दिनों नवाज ने अपने देश में मंडराए आर्थिक संकट के लिए सैन्य प्रतिष्ठान पर निशाना साधते हुए कहा, ह्वनकदी संकट से जूझ रहे देश की परेशानी के लिए न तो भारत जिम्मेदार है और न ही अमेरिका, बल्कि हमने अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारी हैह्ल इसका निहितार्थ क्या है?

पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति क्या है? कंगाली के चौखट पर पहुंचा पाकिस्तान गले तक कर्ज में डूबा हुआ है। पुराना कर्ज चुकाने के लिए या तो उसे नया कर्ज लेना पड़ रहा है या फिर अपने नागरिकों पर इसका बोझ कभी तेल की कीमतों को बढ़ाकर, तो कभी बिजली की दरों में वृद्धि करके थोप रही है। स्थिति यह हो गई है कि खाने-पीने की चीजों के मूल्यों में बढ़ोतरी और गैस की आसमान छूती कीमतों के चलते पाकिस्तान में संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआई) 42.6 प्रतिशत तक बढ़ गया। पाकिस्तान में चीनी, चाय, चिकन, आटा और चावल सहित अधिकतर आवश्यक वस्तुएं महंगी हो गई है। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, यह लगातार छठा सप्ताह है, जब साप्ताहिक मुद्रास्फीति सूचकांक 41 प्रतिशत से ऊपर है। बीते दिनों पाकिस्तान में बिजली बिल बढ़ाने पर आम जनता सड़कों पर उतर आई थी। तब हालात गृह युद्ध जैसे हो गए थे।

पाकिस्तान में नकदी किल्लत इतनी विकराल है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सरकार ने उसकी तंगहाली पर तरस खाकर मुफ्त में प्रदूषण से बचने हेतु कृत्रिम वर्षा करवाई। पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो प्रदूषण से लोगों को मुक्ति दिलाने हेतु पाकिस्तानी सरकार 35 करोड़ रुपये का अनुमान जताया था। इस संबंध में पाकिस्तान अपने मित्र चीन की ओर टकटकी लगाए देख रहा था कि वह लाहौर में कृत्रिम बारिश कराएगा। परंतु चीन के बजाय यूएई ने एक फूटी कौड़ी भी लिए बिना यह काम कर दिया।

वास्तव में, पाकिस्तान नकारात्मक चिंतन से जनित विफल ह्वराष्ट्रह्ल है। कहने को यह इस्लाम के नाम पर बना, परंतु इसकी मांग के पीछे इस्लाम के प्रति प्रेम कम, ह्वकाफिरह्ल हिंदुओं-भारत की ह्वकुफ्रह्ल बहुलतावादी सनातन संस्कृति के प्रति घृणा अधिक थी, जो अब भी व्याप्त है। अपनी इसी मानसिकता के कारण पाकिस्तान, उस साम्राज्यवादी चीन का पिछलग्गू बना हुआ है, जो भी भारत को अपना एक बड़ा शत्रु समझता है। यह स्थिति तब है, जब विश्व के किसी देश की सरकार द्वारा मुसलमानों का उत्पीड़न करने के मामले में चीन घोषित रूप से कुख्यात है। शिनजियांग में एक करोड़ से अधिक मुस्लिमों का राजकीय दमन– इसका उदाहरण है। द्वेष प्रेरित जनमानस को किसी के खिलाफ एकजुट तो कर सकते है, परंतु उनका सकारात्मक उद्देश्य की प्राप्ति हेतु भागीदार बनना कठिन है। यह दर्शन उन मूल्यों-जीवनशैली का अंधा-विरोध है, जो भारत को अनादिकाल से परिभाषित करते आए है। पाकिस्तान स्वयं को खंडित भारत से अलग, तो मध्यपूर्वी एशिया-खाड़ी देशों से निकट दिखाने हेतु प्रयासरत है। पाकिस्तान में 40 प्रतिशत से अधिक लोगों के पंजाबी भाषी होने के बाद भी विदेशी फारसी भाषा में कौमी तराना (राष्ट्रगान) होना– इसका प्रमाण है। वास्तव में, पाकिस्तान उस मूर्ख पड़ोसी की भांति है, जो अपने घर में आग इसलिए लगा लेता है, ताकि उसका पड़ोसी भी धुंए के कारण संकट में आ जाता है।

एक तो पाकिस्तानी वैचारिक अधिष्ठान की भारत-विरोधी मानसिकता, उसपर इस इस्लामी देश का सत्ता-प्रतिष्ठान (पाकिस्तानी सेना सहित) भारत से 1971 का बदला लेने हेतु ह्वहजार घाव देकर मौत के घाट उतारनेह्ल संबंधित नीति का अनुसरण कर रहा है। वह अपने संसाधनों का बहुत बड़ा हिस्सा प्रशिक्षित आतंकवादियों को तैयार करने पर व्यय कर रहा है। ह्वखालिस्तानह्ल के नाम पर सिख अलगाववाद को हवा देना, 1980-90 के दशक से कश्मीर में स्थानीय मुस्लिमों को इस्लाम के नाम पर हिंदुओं-सिखों और भारतपरस्त मुसलमानों की हत्या करने को प्रोत्साहित करना, वर्ष 2001 के संसद जिहादी हमले, 2008 के 26/11 मुंबई आतंकी हमले सहित दर्जनों जिहाद (उदयपुर-अमरावती हत्याकांड सहित) में भूमिका और सीमापार से आतंकवादियों की घुसपैठ– इसका परिणाम है।

चूंकि पाकिस्तान ने अपने वैचारिक अधिष्ठान के अनुरूप असंख्य जिहादियों को तैयार किया है, उससे न तो स्थानीय जनमानस सुरक्षित है और न ही निवेशक-उद्यमी। पाकिस्तान ने अपनी वैचारिक कोख से जिन हजारों-लाख जिहादियों को पैदा किया, वह उसके लिए भी ह्वभस्मासुरह्ल बन रहे है। एक आंकड़े के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा पनपाए आतंकवाद ने दीन के नाम पर 2002-14 के बीच ही 70,000 पाकिस्तानियों को मौत के घाट उतार दिया। खंडित भारत में मोदी सरकार आने के बाद जिस प्रकार भारत के सामरिक-रणनीतिक दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन आया है, उससे सीमापार घुसपैठ में भारी गिरावट देखने को मिली है। परिणामस्वरूप, पाकिस्तानी जिहादी अब अपनी ह्वशुद्ध-भूमिह्ल को और अधिक स्वाह करने में लगे है। यूं कहे कि तकनीकी क्रांति के युग में पाकिस्तानी आतंकी भी ह्ववर्क फ्रॉम होम में व्यस्त है।

क्या नवाज शरीफ के कारण भारत-पाकिस्तान के संबंधों में कोई आमूलचूल परिवर्तन आएगा या फिर पाकिस्तानी सेना का वर्चस्व कम होगा? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से ह्वनाह्ल है। सच तो यह है कि जिस पाकिस्तानी सेना पर नवाज अपने मुल्क लौटने के बाद बरस रहे है, उन्हीं की अनुकंपा से नवाज की वतन-वापसी संभव हो पाई है। यही नहीं, जिन फ्लैगशिप, एवेनफील्ड और अल-अजीजिया स्टील मिल संबंधित भ्रष्टाचार मामलों में नवाज एकाएक बरी हुए है, उनकी पटकथा स्वयं पाकिस्तानी सेना ने ही लिखी थी। नवाज, तीन बार–1990-93, 1997-99 और 2013-17 पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे है। सच तो यह है कि नवाज के शासन के दौरान भी पाकिस्तानी सत्ता अधिष्ठान के समर्थन से जिहादियों द्वारा कश्मीर में हिंदुओं का नरसंहार (1991), कारगिल युद्ध (1999) और पठानकोट पर आतंकवादी हमला (2016) हुआ था। एक बात अमिट है कि पाकिस्तान के वैचारिक अधिष्ठान को जिस ह्वकाफिर-कुफ्रह्ल अवधारणा से प्रेरणा मिलती है, उसमें ह्वकाफिरह्ल भारत-अमेरिका से संबंध शांतिपूर्ण करने के विचारों से वहां न तो कोई राजनीतिक दल प्रासंगिक रह सकता है और न ही एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान अधिक समय तक जिंदा रह सकता है।

**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार, पूर्व राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय-उपाध्यक्ष हैं।**

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख



अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग 500 वर्षों से कर रहे हैं। 5 अगस्त 2020 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही क्या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

प्रतिवर्ष लगभग 25 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई प्रकार के छोटे छोटे उद्योग धंधे भी अयोध्या के आस पास के गावों में विकसित होंगे। फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने लगेगी जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा।

# सपा और बसपा ने किया मछुआ समाज को गुमराहः संजय निषाद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने सोमवार को जनपद का दौरा किया।

कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने सोमवार को राजापुर में आयोजित संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान सभा के तहत आगामी 13 जनवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में निषाद पार्टी द्वारा आयोजित महाजनसभा में मछुआ समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भदोही के मछुआ समाज से लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार ने मछुआ आरक्षण के मामले पर मछुआ समाज को गुमराह करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार आती है तो मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एससी से निकालकर पिछड़ी में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार आती है तो पिछड़ी से निकालकर अनुसूचित में डाल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर शिल्पकार जाती नहीं जातियों का समूह है। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन उत्तर प्रदेश राज्य में भी मझवार जाति नहीं जातियों का समूह है नोटिफिकेशन जारी किया जाना था, किंतु पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार ने मछुआ समाज की सभी उपजातियां को पिछड़ी जाति में बताकर अनुसूचित में डालने का काम किया, जिससे आरक्षण का मुद्दा और उलझ गया है। उन्होंने बताया कि आजादी से पूर्व और आजादी के बाद भी उत्तर प्रदेश राज्य में मछुआ समाज की सभी उपजातियां की गिनती मझवार और तुरैहा में कराई जाती रही है, किंतु पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के दोहन के लिए बिना संसद में संशोधन के बिना मछुआ समाज की सभी उपजातियों को अनुसूचित से निकलकर पिछड़े में डाल दिया और पूर्व की सरकारों द्वारा इस मुद्दे पर केवल वोट बैंक को राजनीति की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया को मछुआ आरक्षण के सम्बन्ध में पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई थी, आरजीआई ने पत्र के उत्तर में कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य में केवट, मल्लाह, बिंद समेत 17 जातियां मछुआ समाज की उपजातियां है। उन्होंन कहा कि मछुआ समाज को कभी मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ नही मिला है। पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज को योजनाओं से वंचित रखा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र में), निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मछुआ बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे मछुआ समाज को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है।

# रामायण मेला समिति ने मनाई स्व गोपाल कृष्ण करवरिया की जयंती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला के प्रेरणास्रोत स्व गोपाल कृष्ण करवरिया की जयंती के अवसर पर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सोमवार को रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि बाबा स्व गोपाल कृष्ण करवरिया ने डॉ राममनोहर लोहिया व आचार्य बाबूलाल गर्ग के सहयोग से रामायण मेला की शुरूआत कराई थी। जिसके 50 वर्ष पूरे हो चुके है। 51वे महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। जिसका आठ मार्च को शुभारंभ किया जाएगा। एक जनवरी को जन्मे स्व करवरिया ने समाजसेवा के अलावा नगर पालिका चेयरमैन के रूप में कई वर्षों से नगरवासियों को सुविधाएं मुहैया कराने में कोर कसर नहीं छोड़ी। जयंती पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके कार्यों को याद किया।

इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, प्रद्युम्न नारायण दुबे, विनोद मिश्र, शिवमंगल शास्त्री, मो युसूफ, शैलेन्द्र करवरिया, आशीष पांडेय, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मनोज गर्ग, राजाबाबू पांडेय, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, कलीमुद्दीन बेग, प्रदीप शुक्ला, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय करवरिया, इं सलिल गर्ग, रंगनाथ शुक्ला, डॉ. रमाकांत चैरिहा आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने बांटी मेडिकल किट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन द्वारा जनपद में गांधी फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 2 वर्षीय गांधी फैलोशिप प्रक्रिया के दौरान प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन गांधी फेलोज लक्ष्मी गिरी, जयराज शिवाजी मोरे, गौरव कुमार को कम्युनिटी इमर्शन के लिए भेजा गया। जिसमें तीनों फेलो 21 दिन अपने द्वारा चयनित गांव में रह कर गांव की दिनचर्या तथा जमीनी स्तर की समस्याओं से परिचित होगें। साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिए अपने स्तर से प्रयास करके ग्रामवासियों के साथ मिलकर काम करेंगे। तीनों गांधी फेलो को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी द्वारा प्रिकॉशन के तौर पर उपयोग में लाने के लिए मेडिकल किट प्रदान की गई। गांव में रहकर स्वास्थ्य एवं पोषण की जागरूकता को बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके बाद कोतवाली में थाना अधीक्षक के माध्यम से पुलिस वेरिफिकेशन कराकर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित किया गया। इसके बाद तीनों गांधी फेलोज को हल्दी चंदन का तिलक लगाकर 21 दिनों लिए उनके द्वारा चयनित गांव के लिए उनको विदा किया गया।

# गौशाला में समाजसेवी ने गौवंश को खिलाया भूसा व गुड

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी, चित्रकूट।** अस्थाई गौशाला पहाड़ी बुजुर्ग में पूर्व प्रधान पहाड़ी समाजसेवी विजय बहादुर सिंह उर्फ बड़कउना सिंह ने गौशाला में एकत्रित गौवंशो को भूसा व गुड खिलाकर सराहनीय कार्य किया है। पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह ने सभी लोगों से गौशालाओं में भूसा दान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर सभी सामाजिक एवं संभ्रांत गांव के ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत में सहयोग कर गोवंशों की सेवा के लिए भूसा व हरा चारा गौशाला में दान करें, यह बहुत ही नेक कार्य है। नए वर्ष के उपलक्ष्य में पहाड़ी बुजुर्ग स्थित गौशाला में गौवंशो को सुबह एवं शाम के लिए पूर्व प्रधान ने पहुंचकर गुड एवं 51 झाल भूसा खिलाकर सराहनीय कार्य किया है। साथ ही जल्द ही एक टैक्ट्रर पुवाल भी भिजवाने के लिए कहा है।

# अक्षत वितरण कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाया उत्साह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या की भांति धर्मनगरी चित्रकूट में भी उत्साह नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में संतों और हिन्दू वादी संगठनों ने अक्षत वितरण कार्यक्रम चलाया।

धर्मनगरी स्थित रामघाट में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला संगठन मंत्री ऋषभ ने बताया कि 500 वर्षों की तपस्या, त्याग और बलिदान के फलस्वरूप आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर का निर्माण हो रहा है। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के अयोध्या में सुखद आगमन प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समाज के हर कोने में प्रसन्नता का वातावरण है। उन्होंने कहा कि रामोत्सव के इस अवसर पर सभी हिन्दू 22 जनवरी को अपने घर और परिवार में दीपक जलाएं। साथ ही अपनी बस्ती के मन्दिरों में भी दीपक जलाकर प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना करें। इसके बाद 31 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर मयार्दापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के दर्शन कर अपना जीवन धन्य करें। मत्स्यगजेन्द्र नाथ मन्दिर, कामतानाथ मन्दिर में पूजा अर्चना करने के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक पुनीत की अगुवाई में सेवा बस्तियों में अक्षत वितरित किए गए।

इस मौके पर जिला कार्यवाह अतुल, शिवरामपुर के खण्ड प्रचारक ओमजी, विहिप जिलाध्यक्ष राजेन्द्र, जिला सहसंयोजक अव्यय गौतम आदि मौजूद रहे।

# खानपान के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ा रहे संतोष सिंह

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** खानपान के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सदर ब्लाक के रसिन गांव के युवा संतोष सिंह ने एक नई राह दिखाई है। साथ ही चित्रकूट क्षेत्र में होटल स्थापित कराने के लिए उन्होंने बड़े औद्योगिक घरानों को भी आमंत्रित किया है।

सदर ब्लाक के रसिन गांव के प्रधान दरबारी लाल सिंह पटेल के सबसे छोटे बेटे संतोष सिंह ने बेहद कम समय में खानपान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान अर्जित की है। उन्होंने बताया कि खानपान के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं और युवा इन सम्भावनाओं को देखकर कैरियर बना रहे हैं। वर्तमान समय में बड़े और नामवर संस्थान भी भारतीय युवाओं को विदेशों में बढ़ावा देते हुए अच्छा वेतन दे रहे हैं। फूडएवल के ग्रुप ऑपरेशन हेड संतोष सिंह और कम्पनि के डायरेक्टर रोपेश, दिनेश ने मिलकर पूरे भारत, दूबई, सिंगापुर में भारतीय व्यंजनों को खानपान के मामले में विश्व स्तरीय पहचान दिलाते हुए आगे बढ़ाया है। संतोष कहते हैं कि खानपान के क्षेत्र में नए उद्यमी भी अब हाथ अजमा रहे हैं। उन्होंने तमाम बड़े व्यापारिक घरानों, ताज होटल, रिलाइंस ग्रुप, महिन्द्रा ग्रुप को चित्रकूट में केन्द्र खोलने के लिए आमंत्रित किया है।

वह पूर्व में भी इन संस्थानों के साथ काम कर चुके हैं। उनका लक्ष्य है कि स्थानीय स्तर से लेकर विदेशों में भारतीय पाक कला का बोल बाला हो और इस क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को पारंगत करते हुए नई ऊचांइयों तक पहुंचाए। खासतौर से साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ के जरिए जंक फूड की संस्कृति को पछाडते हुए भारतीय संस्कृति वाले खानपान को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# नव वर्ष पर अपने खोये मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी, सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा कुल 125 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 75 हजार रुपए है, को बरामद किया गया।

## खोए हुए 125 मोबाइल फोन बरामद

उल्लेखनीय है कि खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक ने एसओजी, सर्विलांस टीम को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के निर्देश दिये थे।

प्रभारी सर्विलांस, स्वाट टीम निरीक्षक एमपी त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस, स्वाट टीम द्वारा 125 खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी करते हुए सोमवार को नव वर्ष पर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, प्रदीप द्विवेदी, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेन्द्र, रोशन सिंह आदि मौजूद रहे।

# जमीनी स्तर पर मजबूत करें भाजपा संगठनः अनूप गुप्ता

अखंड भारत संदेश

**राजापुर, चित्रकूट।** संगठन को मजबूत बनाने के लिए भाजपा के प्रदेश महामंत्री बुन्देलखण्ड कानपुर क्षेत्रीय प्रभारी विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने तुलसी धाम राजापुर पहुंचकर गोस्वामी तुलसी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करने के बाद दो मण्डलों के भाजपा कार्यकताओं को संगठन को मजबूत बनाने व डबल इंजन की सरकार द्वारा कल्याण कारी योजनाओं को गांव-गांव व घर-घर पहुंचाने के निर्देश दिए।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री बुन्देलखण्ड प्रभारी अनूप गुप्ता ने कहा कि आगामी 2024 के चुनाव नजदीक आ रहे हैं। केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याण कारी योजनाओं के साथ गरीब-असहांय व दिव्यांग लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दायित्व संगठन के कार्यकताओं का है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 2014 के पहले विकास की किरण नहीं पहुंच पाई है, वहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय योजना के तहत अन्तिम पंक्ति पर खड़े उस व्यक्ति को योजना का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कृत संकल्पित है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता लाने की आवश्यकता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की अशिक्षित, शिक्षित महिलाओं को दिये जाने वाले अधिकारों व योजनाओं को बताते हुए लाभ दिलाये जाने का कार्य संगठन के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि डबल इंजन सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याण कारी योजनाओं का दुरूपयोग पर विशेष नजर रखी जाए। जिससे पात्र लोगों को ही योजनाओं का लाभ मिले।

इस मौके पर जिलाअध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, सरधुवा के मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, जगदीश गौतम, मंडल उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, करुणेश मिश्र, कमलेश मोदनवाल, मण्डल प्रभारी रोहित पाण्डेय, गिरधारी सिंह, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, मंडल मंत्री सम्पतिया प्रजापति, लज्जत सिंह हाड़ा, बीरेंद्र पाण्डेय, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, अशोक सोनकर, प्रदीप सिंह, इन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश को हराकर पश्चिम बंगाल ने जीता क्रिकेट मैच

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप क्रिकेट टूनामेंट 2023-24 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट टूनामेंट का सेमीफाइनल मैच पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया।

बंगाल ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 138 रन बना 139 रनों का लक्ष्य दिया। बंगाल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए देवाशीष ने 34 रन और अनिकेत ने 36 रन का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से गेंदबाजी करते हुए अजहर ने 3 विकेट और अवनीश ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम कुछ खास प्रदर्शन नही कर सकी और 13.4 ओवर में 75 रन बना कर ऑल आउट हो गई। उत्तर प्रदेश की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सुरेंद्र ने 16 रन और तनवीर ने 9 रन की पारी खेली। बंगाल की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुए शिवशंकर ने 4 विकेट और तपन ने 3 विकेट लेकर अपना योगदान दिया। बंगाल के शिवशंकर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पश्चिम बंगाल ने इस मुकाबले को 63 रन से अपने नाम किया।

आज के मैच के अंपायर विजय भारद्वाज और रामचंद्र, स्कोरर सौरभ नाहर, शमसुद्दीन खान रहे। इस मौके पर एडीएम जशीन की, राजेश सोनी, महेश सिंह, अशोक देवगन, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमाशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे। मिडिया प्रभारी दीपक मिश्रा ने बताया कि कल दिव्यांग क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच पश्चिम बंगाल और बिहार के बीच खेला जाएगा

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद ने बताया कि आरक्षी अंकित राजपूत तथा आरक्षी राकेश कुमार द्वारा रज्जू निवासी ग्राम खपटिहा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पटेल चौराहे से कलेक्ट्रेट रोड़ के व्यापारियों ने डीएम से मांगी राहत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पटेल तिराहे से लेकर कलेक्टरेट मार्ग की ओर दुकानें गिराए जाने के मामले में सोमवार को व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिसमें व्यापारियों को राहत देने के लिए निर्धारित सीमा 36 फिट के स्थान पर सड़क के मध्य से 30 फिट करने की मांग की गयी।

पूर्व सांसद एवं उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष भैरो प्रसाद मिश्र, प्रदेश मंत्री राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अगुवाई में व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से मुलाकात की। व्यापारियों ने बताया कि पटेल तिराहे से कलेक्टरेट मार्ग तक सड़क चैड़ीकरण की योजना है। जिसमें व्यापारियों की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए 36 फिट की जगह मध्य से 30 फिट लिया जाए। जिससे व्यापारियों की जीविका चलती रहे। अन्यथा व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो जाएगी। व्यापारियों का परिवार भुखमरी की कगार पर होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश भी हुए हैं कि माफियाओं को छोड़कर किसी अन्य की दुकान या मकान गिराई जाए, तो उनका पहले पुनर्वास किया जाए, फिर दुकानों को गिराया जाए। ऐसे में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सहानुभूतिपूर्व विचार करते हुए निर्णय लिया जाए।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला मंत्री ऋषि ज्ञानू द्विवेदी, आर्य आईटी मंच अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, मनोज द्विवेदी, प्रभा शंकर शुक्ला, रामनिवास गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, नितिन गुप्ता, रामकुमार पटेल, शिव शंकर गुप्ता, महेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# कार्यशाला में पचास विद्यालयों के बच्चों ने लिया हिस्सा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रामकृपा एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से चार दिवसीय छलांग कार्यशाला में तीन ब्लाकों के सौ उच्च पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रजायत्न संस्थान से कार्यक्रम चल रहे हैं।

रविवार को रामकृपा एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट पचास विद्यालयों में काम कर रहा है। 27 से 30 दिसंबर तक दो दिवसीय कार्यशाला में सभी चयनित पचास विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/अध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम से बच्चे विद्यालय में शिक्षा समेत खेल में भी हिस्सा ले सकेंगे। खेल में कौशल को विकसित कर भविष्य में खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर भविष्य खेल क्षेत्र में निर्धारित कर सकेंगे।

चयनित विद्यालयों में विद्यालय न आने वाले बच्चों व स्कूल छोडने वाले बच्चों में कमी आएगी। उपस्थिति दर बढ़ेगी। खेल क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। जीवन कौशल में वृद्धि होगी। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश उपाध्याय, रामकृपा एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट प्रबंधक जितेन्द्र श्रीवास्तव, पिरामल फाउंडेशन से कार्यक्रम प्रबंधक अनिल शुक्ला, प्रोग्राम लीड विमल कुमार, गांधी फेलो हर्षिता पटेल, रामनगर व कर्वी ब्लॉक के चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद रहे।

# पौराणिक स्थलों में सफाई का हो विशेष ध्यान

अखंड भारत संदेश




चित्रकूट। कामदगिरि स्वच्छता समिति के स्वच्छ भारत मिशन के तहत 98वें अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता नैतिक जिम्मेदारी है। कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक अपील की है कि पौराणिक धार्मिक स्थल में स्वच्छता का विशेष ध्यान दिया जाये।

रविवार को समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि जहां धार्मिक स्थल हैं, वहां सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। कामतानाथ परिक्रमा में निरंतर स्वच्छता को लेकर समिति दो साल से अभियान चला रही है। स्वच्छ व सुंदर चित्रकूट को बराबर प्रयास हो रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता को लेकर कामदगिरि स्वच्छता समिति व स्वच्छ भारत मिशन प्रयास कर रहा है कि कामतानाथ परिक्रमा स्वच्छ व सुंदर-साफ हो। इसीलिए प्रत्येक रविवार को अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य है कि आसपास साफ-सफाई हो, जनता सफाई के प्रति जिम्मेदार हो। इस मौके पर कृष्णा शुक्ला, शुभम केशरवानी, अंकुर केसरवानी, जानकी प्रसाद, विनोद कुमार, राजेंद्र त्रिपाठी, मनोज कुशवाहा आदि ने सहयोग किया।

